■ अमरावती, गडचिरोली, चंद्रपुर, गोंदिया, भंडारा ■ वर्ष - ११ ■ अंक ५२ ■ गुरुवार, दि. १८ दिसंबर २०२५ ■ डाक - शुक्रवार, दि. १९ दिसंबर २०२५ ■ पृष्ठ ८ ■ मूल्य २ रु.

सांध्य दैनिक

# विदर्भ की दहाड़

महानगर का अखबार हूँ.. सच लिखता हूँ

E-mail - amtdahad@gmail.com

संपादक - सुनील एम. सचदेव मो. ९४२२६६६८२७




Source NSE
**शेयर बाजार**
- सेन्सेक्स - ८४,४८१.८१
- सोना - १३४,२६० (१० ग्राम)
- चांदी - १९९,०७० (१ किलो)



## जमील कॉलनी से दुपहिया चोरी

**अमरावती** - नागपुरी गेट थाना क्षेत्र के जमील कॉलनी से चारा बाजार निवासी शाहिद खान असगर खान की दुपहिया क्र. एमएच- २७ बीएक्स, १६१५ पर अज्ञात ने हाथ साफ कर दिया। चोरी गये दुपहिया की कीमत ३५ हजार रुपये बतायी गयी है। शिकायतकर्ता के मुताबिक बीते बुधवार की दोपहर १ बजे के दौरान वे जमील कॉलनी स्थित मोहम्मदिया मस्जीद नमाज पढने के लिये गये थे। जहां से लौटने पर उन्होंने पाया की उनकी दुपहिया मौके पर नही है। काफी खोजबीन के बाद नागपुरी गेट थाने में शिकायत दर्ज करायी।

# नागपुर व बांद्रा कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

## अकोला जिलाधीश को भी उडाने का मिला मेल

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**नागपुर, १८ दिसंबर-** गुरुवार का दिन मुंबई के बांद्रा कोर्ट व नागपुर कोर्ट तथा अकोला जिलाधीश कार्यालय के लिए सनसनीखेज रहा। दो कोर्ट आरडीएक्स बम से उडाने की धमकी से अफरा-तफरी मची। अकोला जिलाधीश कार्यालय भी बम से उडाने का ई- मेल मिलने से हडकंप मचा है। पुलिस जांच में जुट गई है।




नागपुर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में गुरुवार सुबह उस समय हडकंप मच गया, जब अदालत की ऑफिशियल ईमेल पर एक धमकी भरा मेल मिला। इस मेल में यह दावा किया गया कि सिविल लाइंस स्थित कोर्ट परिसर में २ आरडीएक्स आधारित बम लगाए गए हैं, जो जल्द ही विस्फोट कर सकते हैं। ईमेल की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और अदालत परिसर की सुरक्षा तत्काल बढ़ा दी।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन बागडे ने बताया कि यह ईमेल सुबह मिला, जिसमें अदालत भवन के अंदर विस्फोट होने की बात लिखी थी। इस धमकी ने न्यायालय परिसर में मौजूद वकीलों, कर्मचारियों और वादकारियों में अफरातफरी का माहौल पैदा कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और बम निरोधक दस्ता तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे भवन की तलाशी शुरु कर दी।

पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि तलाशी प्रक्रिया काफी विस्तृत है और हर एक कमरे, रिकॉर्ड रुम, गैलरी और पार्किंग क्षेत्रों की जांच की जा रही है। अभी तक पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान अदालत परिसर को बैरिकेड कर दिया गया है और अंदर-बाहर जाने वालों की आवाजाही नियंत्रित की जा रही है।

### मुंबई के बांद्रा कोर्ट को भी धमकी

मुंबई के बांद्रा कोर्ट को बम से उडाने की धमकी मिलने से हडकंप मच गया। कोर्ट प्रशासन को आज गुरुवार को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। धमकी भरे ईमेल के बाद मुंबई पुलिस, बम निरोधक दस्ता समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम ने कोर्ट परिसर और उसके आसपास के इलाकों की गहन तलाशी की। सुरक्षा कारणों से कोर्ट परिसर में मौजूद लोगों को सतर्क किया गया और जांच के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। काफी देर तक चली जांच के बाद कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ। पुलिस अब उस ईमेल की तकनीकी जांच में जुट गई है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि धमकी भरा मेल कहां से भेजा गया, किसने भेजा और इसके पीछे क्या मकसद था। साइबर सेल की मदद से मेल के स्रोत और आईपी एड्रेस की जांच की जा रही है।

अदालत परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के साथ-साथ साइबर सेल को भी जांच में शामिल किया गया है। ईमेल कहां से भेजा गया, किस आइपी एड्रेस से भेजा गया, और मेल के पीछे किस व्यक्ति या संगठन का हाथ हो सकता है, इसकी जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि मेल की भाषा धमकी भरी है और विस्फोट का समय भी निकट बताया गया था। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें। जांच पूरी होने तक अदालत परिसर में कड़ी निगरानी जारी रहेगी। पुलिस का मानना है कि यह शरारत *शेष पृष्ठ ८ पर*

# महाराष्ट्र में सडक हादसों का कहर



### पुणे, जालना, बुलडाणा और वर्धा में ७ मौतें

**पुणे, १८ दिसंबर-** चाकणतळेगांव मार्ग पर महाळुंगे पुलिस स्टेशन के पास रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा। रिक्शे में कुल १२ लोग सवार थे। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ७८ लोग जख्मी हुए। मृतक प्रवासी मजदूर बताए जा रहे हैं।

पिंपरी चिंचवड के खरावाडी इलाके में लगभग ४-५ चारपहिया वाहन आपस में टकराए। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा। दूसरी घटना अकोट रोड पर नायरा पेट्रोल पंप के पास एक दुचाकी सवार को कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक शकील हमजा देशमुख (५० वर्ष, लोहारा) है। तीसरी घटना जालना में हुई। जाफराबाद तालुका के टेंभुर्णीराजुर मार्ग पर शेतमजूरों को ले जा रहे टेम्पो और स्कूटी की टक्कर में स्कूटी चालक की मौके पर मौत हो गई। टेम्पो में सवार कुछ मजदूर जख्मी हुए। अपघात का *शेष पृष्ठ ८ पर*

# सीबीआय की चार्जशीट में गडबडी

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**अमरावती, १८ दिसंबर-** रिश्वत जैसे गंभीर मामले की जांच दौरान जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किये सबुत व चार्जशीट ने समझने से वह जांच संदेह को निर्माण करती है। स्थानिय जिला व सत्र न्यायालय में सीबीआय की जांच पर गंभीर प्रश्न निर्माण किये।




मातृभाषा तेलगु रहने वाले अधिकारी ने मराठी में चार्जशीट व सबुत प्रस्तुत किये। कोर्ट में उलट परीक्षण में वह स्पष्टिकरण नही दे पाया। जिससे पुरी जांच प्रक्रिया पर सवाल उपस्थित कर कोर्ट ने रेल अधिकारीयो पर लगे रिश्वतखोरी का आरोप ठुकराकर निर्दोष बरी किया। जिला न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्या.रीतेश वाघमारे ने यह फैसला दिया। रिश्वतखोरी की कार्रवाई नागपुर की सीबीआय टीम ने की थी। चांदवर्ड गोविंद गुडे (५५), व गुलाब अब्दुल शाह (५५ दोनों अंजनगांव सुर्जी), आरोपीयो के नाम है। दोनो आरोपी रेल विभाग में अभियंता है। बडनेरा रेल्वे स्टेशन पर दोनो की ड्युटी थी। एक किसान से ३५०० रूपये की रिश्वत लेने का दोनो पर आरोप था। रेल पुलिया के निचे से जलापुर्ती पाईप लाईन की अनुमती हेतु रिश्वत मांगी थी। १७ दिसंबर २०१४ में जाल बिछाकर दोनो को गिरफ्तार किया था। ११ साल बाद अंतिम सुनवाई दौरान १३ गवाह परखे गये। जांच अधिकारी की मातृभाषा तेलगु रहने से उसे मराठी नही समझ रही थी। आरोप पत्र पुरा मराठी में था। जांच व सबुत उसके समझ से परे थे। विसंगती रहने से कोर्ट ने दोनो को बरी किया।

### दो रिश्वतखोर बरी

## तडीपार आरोपी गिरफ्तार

**अमरावती-** सिटी कोतवाली पुलिस स्टेशन में पेट्रोलिंग के दौरान गुप्त जानकारी मिली कि तडीपार आरोपी अनिल वामनराव देशमुख (५३, गाडगेनगर) जयस्तंभ चौक में घुम रहा था। आरोपी को आयुक्तालय में आने का कारण पूछने पर उसने बेजिम्मेदाराना जवाब दिए। शहर में घुमने की कोई भी अनुमती का कागज उसके पास न रहने से उसे पुनः गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ धारा १४२ के तहत कारवाई की गई।

# अवैध उत्खनन के खिलाफ कारवाई

## एक ट्रैक्टर व एक जेसीबी जब्त

**संवाददाता, विदर्भ की दहाड**

**देसाईगंज, १८ दिसंबर-** राजस्व प्रशासन ने अवैध उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन जब्त की है। यह कार्रवाई देसाईगंज तालुका अंतर्गत ग्राम पंचायत चोप/कोरेगांव के लोक प्रतिनिधि से संबंधित बताई जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक १७ को शाम करीब ५ बजे चोप ग्राम के तालाब के पास अवैध रुप से मुरुम की खुदाई की जा रही थी। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार नंदकिशोर कुंभरे एवं मंडल अधिकारी राऊत ने अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और एक ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन को जब्त किया। हैरानी की बात यह है कि ग्राम *शेष पृष्ठ ८ पर*

# पीएसआय से लेकर एसपी के शनिवार को तबादले

## चुनाव आयोग ने मांगी डीजी से जानकारी

**संजय श्रीवास, विदर्भ की दहाड**

**अमरावती/मुंबई, १८ दिसंबर -** एक ही जिले में ३ साल से अधिक कार्यरत रह चुके लगभग ४५ से ५० वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले आगामी शनिवार तक होने वाले है। राज्य चुनाव आयोग ने १६ दिसंबर मंगलवार को पुलिस महासंचालक रश्मि शुक्ला से ऐसे पुलिस अधिकारियों की जानकारी मांगी है। दो वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुके अपर पुलिस महासंचालक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधिक्षक, पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त ऐसे पुलिस अधिकारीयों का इसमें समावेश किया गया है। इसके अलावा एक ही आयुक्तालय में ३ वर्षो की कालावधी पुरी हो चुके पुलिस उपनिरीक्षक से लेकर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दर्जे के पुलिस अधिकारियों की भी जानकारी मांगी गयी है।




राज्य में २९ महानगर पालिकाओं का चुनाव कार्यक्रम राज्य चुनाव आयोग ने घोषित किया। चुनाव के पहले यानि बीते माह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गडचिरोली दौरे पर गये थे। उसी दिन शाम में राज्य पुलिस दल के अपर पुलिस महासंचालक से पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के तबादले होने वाले थे, जिसमें नई मुंबई, पुणा, ठाणे, पिंपरी चिंचवड, नासिक, नागपुर पुलिस आयुक्तालय सहित सह पुलिस आयुक्त, विशेष पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस अधिक्षक, पुलिस उपायुक्त ऐसे ४५ से ५० वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का समावेश है। जिसमें २८ *शेष पृष्ठ ८ पर*

## विवाह का झांसा देकर नाबालिग से दुराचार

**चिखलदरा, १८ दिसंबर -** जिले के नंदनवन कहे जाने वाले चिखलदरा थाना क्षेत्र से दुराचार की एक घटना सामने आयी है। जिसके मुताबिक रविंद्र सुखराम मावस्कर नामक २२ वर्षीय वस्तापुर निवासी आरोपी ने एक नाबालिग को अपने प्रेमजाल में फांसकर विवाह का झांसा दिया। और दुराचार की घटना को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता पीडिता के मुताबिक थाना क्षेत्र के एक संतरे के मंडी में वह मजदूर के रुप में वह कार्यरत है। जहां उसका परिचय आरोपी रविंद्र मावस्कर से हुआ था। दोनों की बीच जान पहचान प्रेम संबंधो में बदली। आरोपी ने नाबालिग पीडिता को विवाह का प्रलोभन देकर अनेकोबार शारीरिक संबध बनाये। जिससे वह गर्भवती हुई।









## संपादकीय

# तेंदुआ नहीं, हमारी नीतियां दोषी हैं

नागपुर से लेकर पूरे महाराष्ट्र तक तेंदुए का नाम आज दहशत का पर्याय बना दिया गया है। जैसे तेंदुआ कोई बाहरी दुश्मन हो, जिसने अचानक इंसानी इलाकों पर हमला बोल दिया हो। मगर सच्चाई इससे बिल्कुल उलट है। तेंदुए ने इंसान के घर में घुसपैठ नहीं की, बल्कि इंसान ने जंगल में घुसकर तेंदुए का घर उजाड़ दिया है।

आज तेंदुए को कटघरे में खडा किया जा रहा है, लेकिन क्या कभी उन बुलडोज़रों, आरी मशीनों और विकास परियोजनाओं से सवाल किया गया, जिन्होंने जंगलों को बेरहमी से निगल लिया? जंगल काटे गए, वन्यजीव गलियारे तोड़े गए, प्राकृतिक संसाधन छीने गए और फिर उम्मीद की गई कि तेंदुआ चुपचाप जंगल के नामोनिशान के साथ ही खत्म हो जाएगा। यह सोच न सिर्फ गैरजिम्मेदाराना है, बल्कि अपराध के समान है।

वन संरक्षण के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। कागज़ों में संरक्षित क्षेत्र हैं, लेकिन ज़मीन पर जंगल सिमटते जा रहे हैं। जब तेंदुए का शिकार खत्म होता है, पानी के स्रोत सूखते हैं और उसका इलाका तारों और सड़कों से काट दिया जाता है, तो टकराव स्वाभाविक है। इसके लिए तेंदुआ नहीं, बल्कि नीतिनिर्माता और प्रशासन जिम्मेदार हैं।

हर बार वही घिसापिटा नाटक घटना होती है, कैमरे पहुंचते हैं, पिंजरे लगाए जाते हैं, किसी अफसर का बयान आता है और मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। न कोई दीर्घकालिक योजना, न कोई ठोस जवाबदेही। सवाल यह है कि कब तक जानमाल की कीमत पर यह लापरवाही चलती रहेगी? मानव-तेंदुआ संघर्ष कोई अचानक आई आपदा नहीं है, बल्कि यह वर्षों की अदूरदर्शिता का परिणाम है। वन्यजीव गलियारों का संरक्षण, वैज्ञानिक वाइल्डलाइफ मॉनिटरिंग और स्थानीय समुदायों को साथ लेकर चलना ये विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता हैं। अगर अब भी जंगलों को बचाने की ईमानदार कोशिश नहीं की गई, तो तेंदुए के बाद अगला संकट किसी और वन्यजीव के रुप में सामने आएगा।

आज फैसला हमें करना है या तो हम जंगल बचाएं और सहअस्तित्व की राह चुनें, या फिर हर कुछ महीनों में किसी नए संघर्ष, किसी नई मौत और किसी नए डर की खबर पढ़ने के लिए तैयार रहें। तेंदुए को दोष देने से समस्या हल नहीं होगी। समाधान एक ही है जंगल बचाओ, वरना भविष्य बचाना नामुमकिन हो जाएगा।

# नितिन नबीन भाजपा की सियासी रणनीति का नया चेहरा



भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर बड़ेबड़े दिग्गजों को हैरान कर दिया है। ४५ वर्षीय नितिन नबीन भाजपा के सबसे युवा अध्यक्षों में से एक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के मन में क्या चल रहा है, इसका अनुमान कोई तीसरा व्यक्ति नहीं लगा सकता। दोनों ने बड़ेबड़े फैसले कर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथसाथ देशभर को हमेशा ही बड़ा संदेश दिया है। आखिर ऐसा क्या है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने नितिन को संगठन की राष्ट्रीय धुरी पर ला खडा किया। संदेश स्पष्ट है कि भाजपा में कार्यकर्ता का सम्मान होता है। मेहनत और ईमानदारी से पार्टी के प्रति समर्पित होकर काम करने वाले ही उच्च पदों पर विराजमान होते हैं। युवा नेता को शीर्ष पद पर बैठाना यह प्रदर्शित कर रहा है कि भाजपा अब अगली पीढ़ी के नेतृत्व पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पहले ही यह कहता रहा है कि भाजपा को भविष्य के नेतृत्व पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। इस तरह भाजपा २०२९ और उसके बाद के भारत के दृश्य को देख रही है। भाजपा ने नितिन नबीन को बिहार सरकार में मंत्री रहते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि संसदीय बोर्ड ने यह फैसला लिया है और नियुक्ति तत्काल प्रभावी है। वे पार्टी में युवा नेतृत्व का प्रतीक माने जा रहे हैं। नितिन नबीन ने पार्टी की एक व्यक्ति एक पद नीति के कारण बिहार सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है।

नितिन नबीन को राजनीति की विरासत अपने पिता से ही मिली है। उनके पिता नबीन किशोर सिन्हा जनसंघ से ही भाजपा से जुड़े। वे सात बार विधायक रहे। उनके निधन के बाद नितिन ने विरासत संभाली। नितिन नबीन ने अपनी सियासी पारी की शुरुआत भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की थी। इसके बाद वे भाजपा युवा मोर्चा से जुड़े रहे। उन्होंने अपनी मेहनत और योग्यता से जगह बनाई। छत्तीसग़ढ के चुनावों में उन्हें प्रभारी बनाया गया था जहां उन्होंने कांग्रेस सरकार का तख्ता पलट दिया था। छत्तीसगढ में कांग्रेस का किला उखाड़ फेंकने के बाद बिहार के चुनावों में भी उन्होंने मेहनत के साथ काम करते हुए पार्टी को अभूतपूर्व विजय दिलाई। नितिन नबीन बिहार सरकार में पथ निर्माणमंत्री और पटना की बांकीपुर सीट से पांच बार के विधायक हैं। उन्होंने नितिन गडकरी की शैली में काम करते हुए हजारों किलोमीटर सड़कें बनवाईं जो प्रधानमंत्री मोदी के आधारभूत केन्द्रित विकास से मेल खाता है। उन्होंने एक ऐसे मंत्री की तरह काम किया जो फाइलों के पीछे नहीं छुपते बल्कि धरातल पर काम दिखाना चाहते हैं। पथ निर्माणमंत्री के रुप में उन्हें काफी सराहना भी मिली। उन्हें सत्ता और संगठन दोनों का अनुभव प्राप्त है। राजनीति में इतने साल रहने के बावजूद नितिन नबीन की छवि बेदाग रही है। वे लोप्रोफाइल रहकर काम करने में यकीन रखते हैं। न कोई भड़काऊ बयान, न कोई भ्रष्टाचार का आरोप। माना जाता है कि भाजपा को शीर्ष पद के लिए ऐसे ही चेहरे की तलाश थी। पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी सियासी रणनीति को धार देने में उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। नितिन नबीन की नियुक्ति को बिहार की राजनीति में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार के तौर पर देखा जा रहा है। नितिन नबीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने कायस्थ समुदाय को सियासी संदेश दिया है। नितिन नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं। जनसंघ से लेकर बीजेपी तक के सफर में कायस्थ समुदाय पार्टी का कोर वोट बैंक बना रहा है। कायस्थ समाज को सबसे पढ़ालिखा तबका माना जाता है। भाजपा ने देश के बौद्धिक वर्ग और अपने परंपरागत वोटर का खास ख्याल रखते हुए नितिन नबीन को संगठन का शीर्ष पद सौंपा है। जातिगत समीकरणों को साधने के साथसाथ नितिन सबका साथ वाली छवि भी रखते हैं। हिंदी पट्टी के शहरी इलाकों में कायस्थसमुदाय के वोटर निर्णायक भूमिका में हैं, जिन पर नितिन नबीन की पकड़ मजबूत मानी जाती है।

कायस्थ समुदाय की संख्या भले कम हो, पर उनकी बौद्धिक उपस्थिति, प्रशासनिक पकड़ और शहरी नेतृत्व में भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। नितिन नबीन ने इस भूमिका को न सिर्फ निभाया है, बल्कि और मजबूत किया है। नितिन नबीन का शांत स्वभाव, संतुलित बयानबाजी और बिना विवादों के काम करने की छवि उन्हें कायस्थ समाज का स्वाभाविक और स्वीकार्य नेता बनाती है। पश्चिम बंगाल में कायस्थ वोटर काफी अहम माने जाते हैं। ऐसे में नितिन नबीन के जरिए पश्चिम बंगाल को भी सियासी संदेश देने की कवायद की गई है ताकि कायस्थ वोटों का विश्वास जीतकर बंगाल की सत्ता में कमल खिलाया जा सके। बिहार में भाजपा के तीन कायस्थ विधायक २०२० में थे, जिसमें से दो विधायकों का टिकट पार्टी ने काट दिया था, लेकिन नितिन नबीन इकलौते कायस्थ थे, जिन पर भाजपा ने भरोसा जताया था। ऐसे में नितिन नबीन बंगाल चुनाव में भाजपा के लिए एक तरह से ट्रंप कार्ड साबित हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें शुभ कामनाएं देते हुए जो विशेषण इस्तेमाल किए हैं वह यह बताते हैं कि उन्हें जिम्मेदारी क्यों दी गई। युवा ऊर्जा, संगठनात्मक अनुभव, मेहनत और जनता से जुड़ाव के कारण। इन शब्दों को समझें तो साफ हो जाता है कि भाजपा भविष्य के लिए एक मजबूत, समर्पित और जमीन से जुड़े नेता को तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के सोशल मीडिया पोस्ट में इस्तेमाल विशेषण नबीन की नियुक्ति का कारण स्पष्ट करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें कर्मठ कार्यकर्ता, युवा, परिश्रमी, विनम्र, समर्पित और ऊर्जावान बताया। अमित शाह ने युवा, दिनरात परिश्रम करने वाले, निष्ठावान और सफल कहा, साथ ही जनता के बीच लंबे अनुभव पर जोर दिया। ये शब्द बताते हैं कि भाजपा को ऐसे नेता की जरुरत थी जो संगठन को नई ताकत दे, युवाओं को जोड़े और चुनावी सफलता सुनिश्चित करें।



माना जाता है कि नितिन नबीन ही भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष भी होंगे। कुछ ऐसा ही जे.पी.नड्डा के समय में भी हुआ था। नड्डा को भी पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और बाद में उन्हें ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। उम्मीद है कि नबीन पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेंगे और पार्टी की नीतियों कोप्रभावशाली ढंग से जनजन तक पहुंचाने और भाजपा का विस्तार करने में सफल रहेंगे। उनकी नियुक्ति पार्टी के हर युवा कार्यकर्ता का सम्मान है।

**कुमार कृष्णन**
**विभूति फीचर्स**

# खुलेआम बिकती किडनी, सूत्रधार कौन? कई मामले अनसुलझे

## सरकार ने साधी चुप्पी



**नागपुर, १८ दिसंबर-** कर्ज में डूबे चंद्रपुर के किसान रोशन सदाशिव कुड़े को कंबोडिया में किडनी निकलवा और बेचने वाले लालचीधनलोलुप साहूकार की सुर्खियां २४ घंटे बीतने के बावजूद राज्य की महायुति सरकार के जिम्मेदारों की नींद नहीं खुलवा सकी हैं। दिल्ली तो खैर काफी दूर है जो संसद के शीतकालीन सत्र के कोलाहल ही से गुलजार है। वहां तक एक लाख रुपये के कर्ज पर प्रति दिन १० हजार के ब्याज से कराहते किसान की कराह कोलाहल के बीच दम तोड़ चुकी है। २०१६ को पवई के हीरानंदानी अस्पताल में डॉक्टरों की मिलीभगत से चल रहे अवैध किडनी ट्रांसप्लांट के गोरखधंधे से कुंभकर्णी नींद सो रही राज्य सरकार की आंखें कब खुलेंगी, कोई नहीं जानता है? किडनी के इस अवैध लेकिन पैसे से भरपूर गोरखधंधे में दिल्ली, हरिद्वारदेहरादून, सूरत, चेन्नई, जयपुर या महाराष्ट्र के अकोला के अमित तक सैकड़ों लोग किडनी के अवैध कारोबार का हिस्सा बने। सही जांच और ढीले नियमकानूनों से अभी तक असली सूत्रधार गिरफ्त में नहीं आ सका है। सरकार ने साहूकारों की जबरन वसूली पर लगाम लगाने के लिए २०१४ में एक कानून बनाया था लेकिन उत्पीडऩ अभी भी रुका नहीं है। लाइसेंस प्राप्त साहूकारों को भी व्यक्तिगत ऋण वितरित करने की अनुमति है। यदि साहूकार अधिनियम के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करता है तो लाइसेंस रद्द हो सकता है। यही नहीं, जो व्यक्ति बिना लाइसेंस के साहूकारी करता है उसे ५ साल तक की कैद या ५०,००० रूपए तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। पुणे पोर्श कांड की जड़ में भी किडनी हेराफेरीपुणे पोर्श केस में आरोपी के ब्लड सैंपल बदलने के आरोपों में फंसे डॉ. अजय तवारे का नाम किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट से भी जुड़ा है। यह रैकेट तब सामने आया जब पुलिस को स्वास्थ्य सेवा बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर डा.संजोग कदम की ओर से ट्रांसप्लांट प्रक्रिया के दौरान अवैध वितीय लेनदेन के बारे में शिकायत मिली, पुणे ही में अप्रैल २०२२ में रूबी हॉल क्लिनिक किडनी घालमेल सामने आया था। यहां किडनी धोखाधड़ी अगस्त २०२१ से २९ मार्च २०२२ के बीच हुई। अमित सालुंखे को किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत थी। सुजाता एजेंटों के माध्यम से १५ लाख रुपये के बदले में अपनी किडनी देने के लिए तैयार हो गई।

# ठंड का सितम शुरू शीत लहर से बचने का देसी जुगाड

हर तरह के जुगाड़ के मामले में भारतीय हमेशा आगे रहते हैं। किसी भी तरह की समस्या को छोटे से जुगाड़ से आसानी से दूर करने की कला भारतीयों के अंदर ही है। अभी उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का आगाज हो चुका है और कई राज्य शीतलहर की चपेट में हैं। ठंड का सितम चाहे कितना भी बड़ जाए, लेकिन रोजमर्रा के काम तो करने ही होते हैं। ठंड के मौसम में बाइक चलाना सबसे मुश्किम काम है। हेलमेट पहनने और मोटी जैकेट पहनने के बाद भी बाइक पर ठंड नहीं रुकती। ऐसे में इस समस्या का समाधान एक देसी जुगाड़ से निकाल लिया गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो इन दिनों काफी वायरल हो रहा जिसमें एक युवक बाइक पर ठंड से बचने का यह देसी जुगाड़ साथ में लेकर चल रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक शख्स कंबल ओढक़र बाइक चला रहा है और उसने हेलमेट की जगह उसने प्लास्टिक की ही बाल्टी से मुंह ढक लिया। बाल्टी में युवक ने दो छेद किए हैं।

# कल का राशिफल



**मेष-** मेष राशि के जातक कल किसी नए काम को करने की योजना बना सकते हैं। जो लोग नौकरी में बदलाव के लिए सोच रहे हैं, तो वह कर सकते हैं, लेकिन आपको अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर भी पूरा ध्यान देना होगा। कार्य क्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। आप माताजी को किसी धार्मिक यात्रा पर लेकर जा सकते हैं।आप अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करेंगे।

**वृषभ-** वृषभ राशि के जातकों के मन में उत्साह बना रहेगा।आप कार्यक्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकलवाने की कोशिश करेंगे, लेकिन परिवार का कोई सदस्य आपके मन को ठेस पहुंचा सकता है। आपको किसी कानूनी मामले मे यदि लंबे समय से समस्या आ रही थी, तो उसमें भी फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आपके सामने कुछ अनचाहे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए करने पड़ेंगे।

**मिथुन-** मिथुन राशि के जातकों की इन्कम के सोर्स बढ़ेंगे। आपके मान सम्मान में वृद्धि होने से खुशी होगी। आप यदि कोई काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उसमें जीवनसाथी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी।राजनीति में किए गए प्रयास आपके बेहतर रहेंगे।आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे और संतान किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।

**कर्क-** कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको किसी छोड़ी नौकरी का ऑफर आ सकता है। सिंगल लोगों के लिए कोई बेहतर रिश्ता आ सकता है, जिसे परिवार के सदस्यो द्वारा तुरंत मंजूरी मिल सकती है। आपको अपने बिजनेस में योजनाओं के साथसाथ कुछ नए उपकरणों पर भी पूरा ध्यान देना होगा।

**सिंह-** सिंह राशि के जातकों को किसी वाद विवाद में पड़ने से बचना होगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।आपको लेनदेन बहुत ही सावधानी से कामों को करना होगा। आपके शत्रु भी प्रबल रहेंगे। आप अपने कामों से मेहनत को पूरा करेंगे, लेकिन आपको फल मिलने में समस्या अवश्य आएगी।

**कन्या-** कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन चिंताग्रस्त रहने वाला है।गृहस्थ जीवन सुखमय रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के मन में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। आपको पढ़ाई लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा। जो विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में ढील देंगे, उन्हें परीक्षा में अत्यधिक मेहनत की आवश्यकता होगी।आपकी संतान अपनी मनमर्जी चलायेगी, जिस कारण उनके समस्याएं बढ़ेंगी आपको अपने पुराने लेनदेन से समस्या आ सकती है।

**तुला-** तुला राशि के जातको के रोजगार में यदि कुछ बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।आपको कामों में कठिनाईयां अधिक रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको किसी विशेष काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आप किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी कर सकते हैं।आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है।

**वृश्चिक-** वृश्चिक राशि के जातको को सामाजिक सम्मान की प्राप्ति हो सकती हैं। आपके कुछ नया करने के प्रयास रंग लायेगे।घर परिवार में भी चल रही समस्याओं को आप मिल बैठकर दूर करेंगे, जिससे घर में शांति भरा माहौल रहेगा। कार्य क्षेत्र में आपको कोई पुरस्कार मिल सकता है। आप अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**धनु-** धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन उन्नति दिलाने वाला रहेगा। विदेशो से पढ़ाई लिखाई करने की सोच रहे विद्यार्थियों को कोई स्कॉलरशिप मिल सकती हैं। आपके अधिकारी भी आपके कामों को लेकर आपको कोई सलाह दे सकते हैं। आप जीवनसाथी व परिवार के सदस्यों को लेकर किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं।

**मकर-** मकर राशि के जातकों के लिए दिन आय और व्यय की तुलना में बेहतर रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।आपको अपने आस पड़ोस में मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आपको किसी को धन उधार बहुत ही सोच विचार कर देना होगा।ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है।

**कुंभ-** कुंभ राशि के जातकों के कामों में यदि कुछ बाधाएं आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।किसी नई नौकरी को करने की आपकी इच्छा जागृत हो सकती हैं।आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा, जिसमें आप पुराने गिले शिफ्ट हुए न उखाड़े। आपके कल कुछ नए विरोधी खडे हो सकते हैं।

**मीन-** मीन राशि के जातको की इन्कम के सोर्स बढ़ेंगे। आपके कामों में कुछ कठिनाईया आ सकती हैं। किसी नए भूमि, वाहन आदि के खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपके लिए वापस मिल सकता है। आप अपनी बुद्धि व विवेक से आप कुछ ऐसे निर्णय लेंगे, जिनको देखकर कार्यक्षेत्र में लोग भी हैरान रहेंगे।

# इंटरस्कूल मेमोरा में दीनियात नॉलेज क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन




**मुंबई, १८ दिसंबर-** मेसको एजुकेशन सोसाइटी के अंतर्गत संचालित केसेंट इंग्लिश हाई स्कूल एवं जूनियर कॉलेज, मुंब्रा में दीनियात नॉलेज क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता में मुंब्रा के २६ स्कूलों के १९२ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मास्टर मोहम्मद बिलाल सऊद एवं मास्टर मोहम्मद उमर अमजद की कुरआन तिलावत से हुआ। स्वागत भाषण में प्रिंसिपल जनाब वसीउल्लाह खान सर ने प्रतियोगिता के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जनाब एहतशामुल इस्लाम सर ने किया। अध्यक्षता जनाब अहम मुकलाई साहब ने की। विशेष अतिथिः मुफ्ती अब्दुल कादिर बरकतुल्लाह सर मुंबई, पुणे व नवी मुंबई से आए १८ जजों ने निष्पक्ष मूल्यांकन किया। छात्रों को शिक्षा, दीन और चरित्र निर्माण पर प्रेरक संदेश दिए गए।

प्रतियोगिता में खान अलीना फ़िरदौस बिन्त शकील अहमद (अलएहसान इंग्लिश हाई स्कूल) को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि २०२४ में भी छात्रा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था। अन्य प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं अंसारी मोहम्मद ज़रयान, शेखानी आयशा बिन्त अब्दुल मतीन, कुरैशी हसनैन, हबीब शेख, आयशा अहमद बिलाल शाह आफिफ़ वकार, शेख मोहम्मद अहद इमरान, खत्री जन्नीरा रिज़वान, अंसारी साइमा निसार अहमद, सिद्दीकी अब्दुल अली अब्दुल बासित, पठान शिफ़ा मुज़हिर खान ने प्राप्त किया।

समापन पर प्रो. फरहान मक्बा साहब (अध्यक्ष, मेसको) ने आभार व्यक्त किया। दुआ के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

# नागपुर को मिला महाराष्ट्र का पहला एलर्जी क्लिनिक

## मेयो अस्पताल में नई सुविधा शुरू



**नागपुर, १८ दिसंबर-** वर्तमान में वातावरण में बदलाव, प्रदूषण जैसे अनेक कारणों की वजह से एलर्जी की शिकायत बढ़ गई है। गर्मी के दिनों में एलर्जी त्वचा पर गहरे प्रभाव डालती है। वहीं ठंड के दिनों में श्वसन संबंधी बीमारियां बढ़ जाती हैं। इसके अलावा लोगों को खाद्य एलर्जी यानी दूध, अंडे, मूंगफली, मछली, शेलफिश, सोया और गेहूं से भी होती है। तमाम तरह की एलर्जी के इलाज के लिए इंदिरा गांधी शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय व अस्पताल में राज्य का पहला एलर्जी क्लिनिक शुरू किया जा रहा है। विशेषज्ञ की नियुक्ति कर सप्ताहभर के भीतर क्लिनिक शुरू कर दिया जाएगा। वर्तमान में एलर्जी की शिकायत आम हो गई है। एलर्जी कई तरह की होती है। जैसे पराग एलर्जी घास, पेड़ों और खरपतवारों से होती है जिसे एलर्जिक राइनाइटिस या फीवर भी कहते हैं जो मौसमी होता है। धूल के कण, जानवरों की त्वचा, लार या मूत्र में मौजूद प्रोटीन और फफूंद के बीजाणुओं के सांस के साथ शरीर में जाने से एलर्जी होती है। मधुमक्खी, ततैया जैसे कीटों के काटने के अलावा पेनिसिलिन जैसी दवाओं से ही एलर्जी होती है। अस्थमा, एलर्जिक राइनाइटिस (नाक, आंखें, गला), त्वचा संबंधी संबंधी एलर्जी भी प्रमुख हैं। मेयो के अधिष्ठाता डॉ. रवि चव्हाण ने बताया कि ईएनटी, रेसपेरेटरी मेडिसिन और त्वचा रोग विभाग में आने वाले एलर्जी के मरीजों के लिए क्लिनिक कार्यरत रहेगा। यहां एक विशेषज्ञ की नियुक्ति की जा रही है। विशेषज्ञ सभी तरह की एलर्जी की बीमारियों का इलाज करेंगे। इससे मरीजों को अलगअलग विभागों में भटकने और नौबत नहीं आएगी। एक ही जगह सभी तरह के टेस्ट की सलाह दी जाएगी। यह राज्य का शासकीय सेटअप में अपने तरह का पहला प्रयोग है। इससे मरीजों को राहत मिलेगी।

विदर्भ की दहाड
यह पत्र मुद्रक, प्रकाशक, मालक एवं संपादक सुनिल माघनमल सचदेव द्वारा प्रतिक प्रिंटर्स, रॉयली प्लाट अमरावती ४४४६०१ (महाराष्ट्र) यहां से छपवाकर कार्यालय चौबड प्लाट, अंबाडेकर वाडा, नंदा मार्केट के सामने, राजापेठ, अमरावती, ४४४६०६ (महाराष्ट्र) यहां से प्रकाशित किया। इस पत्र में प्रकाशित होनेवाले विभिन्न लेख, पत्र, साहित्य, लेखकों, कवियों आदि के विचारों या तथ्यों पर आधारित होते है। इन लेखकों के विचारों अथवा तथ्यों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवाद अमरावती न्यायालय अंतर्गत। मो.९४२२६६६८२७,
Postal Rg. No. AMT/RNP/446/2023-25 ■ RNI No. : MAHHIN/2015/67955 (HARD COPY-B/W, PDF- COLOUR)

# बहिरम यात्रा के नियोजन के लिये प्रशासकीय यंत्रणा सुसज्ज

## सीईओ ने लिया जायजा



**संवाददाता, विदर्भ की दहाड़**

**चांदूर बाजार, १८ दिसंबर -** विदर्भ की प्रसिध्द बहिरम यात्रा की पूर्वतैयारी के लिये मंगलवार १६ दिसंबर की दोपहर ४ बजे मंदिर कार्यालय में विशेष नियोजन व जायजा सभा संपन्न हुयी। जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजीता मोहपात्रा की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में यात्रा के सभी आयोजनो के लिए सभी विभागों को महत्वपूर्ण निर्णय दिए गये।



इस अवसर पर सीईओ ने स्वच्छ बहिरम अभियान अंतर्गत कचरा व्यवस्थापन के लिये स्वतंत्र पथक नियुक्त करने की सूचना दी। यात्रा के काल में कही भी अस्वच्छता न फैले और प्लास्टिक का उपयोग ना हो, इस बात की सावधानी बरतने के आदेश संबंधित ग्राम पंचायतों को दिये है।

अन्न व प्रशासन विभाग यात्रा में भोजनालय और होटेल्स में मिलनेवाले खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता के संदर्भ में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सख्त भूमिका अपनायी विभाग को सभी भोजनालयों की नियमित जांच करना तथा स्वच्छता के नियमों का पालन किया जाये, इस बात की सावधानी बरतने की सूचना दी गयी।

**यातायात व पार्किंग**

शनिवार व रविवार को यात्रा में भारी भीड उमडती है। इसलिये यातायात अस्त-व्यस्त न हो, इसलिये पुलिस विभाग को विशेष पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। यात्रा के स्थान पर जंगल परिसर समीप होने के कारण बंदरो का उत्पात बडी प्रमाण में होता है। इस पर नियंत्रण रखने के लिये वनविभाग को सतर्क रहने के लिये कहा गया है। उसी प्रकार श्रध्दालुओं के लिए मंदिर प्रशासन ने जगह-जगह सूचना फलक लगाने के निर्देश दिए।

**विद्युत और जलापूर्ति**

यात्रा के काल में अखंडित विद्युत आपूर्ति रहे इसलिए विद्युत विभाग ने सावधानी बरतनी चाहिये, तथा जलापूर्ति विभाग को भी शुध्द पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी।

**स्वास्थ्य सुविधा**

यात्रा काल में स्वास्थ्य विभाग को अस्थायी अस्पताल व २४ घंटे एंबुलेंस तैनात रखने होंगे, ऐसी सुचना तहसील स्वास्थ्य अधिकारी को दी गयी। इस बैठक में सीईओ ने सभी विभागों के कामों का जायजा लिया और श्रध्दालुओं को किसी भी प्रकार की तकलीफ ना हो इस दृष्टि से समन्वयक के साथ काम करने के आदेश दिये। मंदिर परिसर में सीसीटीवी और स्वच्छता रखने के संदर्भ में विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपमुख्यकार्यकारी अधिकारी बाळासाहेब बायस, गट विकास अधिकारी डा. निलेश वानखडे, सह गटविकास अधिकारी गणेश घोगरकर, यात्रा व्यवस्थापक रामेश्वर रामागडे, थानेदार शिरजगांव कस्बा महेंद्र गवई, स्वास्थ्य अधिकारी निर्माण कार्य अधिकारी तथा सभी संबंधित अधिकारी ग्रापं अधिकारी संबंधित अधिकारी, ग्रापं अधिकारी, मंदिर प्रशासन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा नहीं चाहती राणा से गठबंधन





## राकांपा की छोड खुद की पार्टी पर ध्यान देने की विधायक खोडके ने दी सलाह

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड़**

**अमरावती, १८ दिसंबर -** मनपा चुनाव की घोषणा होने के बाद अब राजनीतिक नेताओं द्वारा एकदुसरे पर आरोप-प्रत्यारोप शुरु हो चुका है। ऐसे में युवा स्वाभिमान के संस्थापक अध्यक्ष विधायक रवि राणा बीते कई दिनों से दावा कर रहे है कि युवा स्वाभिमान-भाजपा और शिंदे गुट मनपा चुनाव में गठबंधन तले चुनाव लडेंगी। वही इस गठबंधन में हमे राकांपा यानि अजित पवार गुट की आवश्यकता नही है। राणा के इस बयान पर विधायक संजय खोडके ने प्रतिदिन अखबार से कहां कि मैंने ४ महीने पहले ही साफ शब्दों में कहा था कि राष्ट्रवादी किसी से भी गठबंधन नही करेगी। राकांपा खुद के बलबूते पर ८७ सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतारेगी, रही बात युवा स्वाभिमान व भाजपा गठबंधन की तो मैंने अगर मुंह खोला तो राणा को अमरावती में घुमना भी मुश्किल होगा। क्योंकि भाजपा अब भी बिल्कुल चाहती नही है कि युवा स्वाभिमान के साथ उनका गठबंधन हो। इसके बावजूद



राणा भाजपा के वरिष्ठ स्तर पर दबावतंत्र का इस्तेमाल कर अमरावती में भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिये बेकाबु है। ऐसे में उनका गठबंधन उन्हें ही मुबारक। बेहतर होगा कि विधायक राणा अपनी पार्टी की ओर ध्यान दें ना कि दुसरो के कामकाज में और पार्टी में अपनी नाक गडाए, खोडके ने कहां कि भाजपा के लिये भोपु बन कर पूरे गांव में राणा घूम रहे है। रही बात राकांपा की तो किसी भी दल से गठबंधन करने का सवाल ही पैदा नही होता। राकांप के पास एक से बढकर एक सक्षम प्रत्याशी है। एसे में हमारी फिक्र करने के बजाय विधायक राणा ने खुद के पार्टी की स्थिति को देखना चाहिये।

# फिर बनाया बंद घर को निशाना

**अमरावती -** नांदगांव पेठ थाना क्षेत्र के रहाटगांव स्थित सुमन विश्व अपार्टमेंट निवासी राजरतन युवराज मानकर के बंद फ्लैट का अज्ञात द्वारा ताला तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। शिकायतकर्ता तथा उनकी पत्नी फ्लैट के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर शहर में खरीददारी के लिये आये थे। खरीददारी के बाद दोनों अपनी अपनी ड्यूटी पर गये। सामने लौटने पर पाया कि दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ है।

# तहसीलदार के आदेश को ठेंगा



**संवाददाता, विदर्भ की दहाड़**

**शिरजगांव कस्बा, १८ दिसंबर -** मौजा खेड महाल करजगांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किये जाने के मामले में चांदूर बाजार के तहसीलदार ने स्पष्ट आदेश पारित किया। गट क्र. १९२ महाराष्ट्र सरकार के अधिकार की जगह रहने की बात स्पष्ट की गयी। उपरोक्त जमीन पर अतिक्रमण का सफाया कर रास्ता खुला करने के निर्देश दिये जाने के बावजूद तहसीलदार के आदेश का पालन करने के बजाय आदेश को ठेंगा बताया गया है। इस मामले में संतोष चर्जन ने तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज करायी थी। पश्चात मंडल अधिकारी, पटवारी तथा ग्रामपंचाय सचिव की ओर से जांच अहवाल मांगा गया। जांच में गट क्र. १९२ सरकारी जमीन में बदलाव कर वह किसी की निजी जमीन ना होने की बात स्पष्ट की गयी है। जांच दौरान उपरोक्त जमीन से गांव का रास्ता जाने की भी बात स्पष्ट हुई है। इसके बावजूद कुछ युवकों द्वारा इस सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा किया गया है। जिससे इस स्थान से गुजरने वाला रास्ता बाधित होने के चलते किसानों को असुविधा का सामना करना पड रहा है। तहसीदार को सौंपे ज्ञापन के बाद अतिक्रमण सफाया करेन के आदेश दिये जाने के बावजूद आदेश का उल्लंघन होने की बात स्पष्ट रुप से सामने आयी है। तहसीलदार के आदेश पर क्या कार्रवाई होती है इस ओर सभी की नजरे लगी है। तहसीलदार के आदेश पश्चात राजस्व विभाग, पटवारी व ग्रामपंचायत प्रशासन की ओर से तत्काल कार्रवाई करने की अपेक्षा है। परंतु सरकारी जमीन पर अतिक्रमण होने के बावजूद विभाग क्या कर रहा था, ऐसा सवाल नागरिकों द्वारा उपस्थित किया जा रहा है। गांववासियों को तहसीलदार के आदेश के चलते भले ही राहत मिलो हो परंतु दस्तावेजों पर आदेश से प्रत्यक्ष कार्रवाई की ओर सभी का ध्यान लगा हुआ है।

# विवि के आचार्य पदवी प्रवेश को समयावृध्दी

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड़**

**अमरावती, १८ दिसंबर -** संत गाडगे बाबा विवि के आचार्य पदवी प्रवेश की अधिसुचना इससे पहले प्रकाशित की जा चुकी है। परंतु विनंती के आधार पर प्रवेश की तारीख में समयावृध्दी दी गयी है। नई समय सारणी के मुताबिक महाविद्यालय - संशोधन केंद्र में ३१ मार्च २०२६ तक उम्मीदवारों को प्रवेश मिल सकेगा। ऑनलाईन आवेदन १ से १५ अप्रैल २०२६ तक पीएचडी, कोर्सवर्क १६ अप्रैल से तथा पोर्टल पर अंक/ क्रेडिट भरने की तारीख १ से १० अगस्त २०२६, कोर्सवर्क पुरा करने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना १५ अगस्त तक तथा विवि में सिनॉप्सिस प्रस्तुत करने की तारीख १६ से ३१ अगस्त २०२६ निश्चित की गयी है। जिन संशोधन केंद्रों में अन्य महाविद्यालयों में मार्गदर्शक नियुक्त है उन्हें नये संशोधन विद्यार्थियों को पंजीकरण नही कर सकेंगे।

# रामपुरी कैंप-कृष्णा नगर में वर्षों से लंबित अंडरग्राउंड वायरिंग कार्य आखिरकार शुरू



## मोहित भोजवानी की लगातार शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**अमरावती, १८ दिसंबर-** रामपुरी कैंप एवं कृष्णा नगर परिसर में विद्युत व्यवस्था से जुडी एक गंभीर समस्या ने वर्षो से स्थानीय नागरिकों को परेशान कर रखा था। क्षेत्र में लाल रंग की डीपी (डिस्ट्रिब्यूशन प्वाइंट) लगाकर विद्युत विभाग द्वारा कार्य अधूरा छोड दिया गया था। जगहजगह खुले और लटकते तार न केवल क्षेत्र की बदसूरती बढ़ा रहे थे, बल्कि आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बने हुए थे। बरसात के दिनों में करंट फैलने और हादसों की आशंका को लेकर नागरिकों में लगातार चिंता बनी रहती थी।

इस लंबे समय से चली आ रही समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता मोहित भोजवानी ने कई बार प्रशासन व संबंधित विभागों के समक्ष लिखित और मौखिक शिकायतें दर्ज कराई। उन्होंने नागरिकों की सुरक्षा, सुचारु बिजली आपूर्ति और क्षेत्रीय विकास का मुद्दा उठाते हुए लगातार फॉलोअप किया। उनकी सतत पहल और जनदबाव के बाद आखिरकार प्रशासन को इस मामले में ठोस कदम उठाना पड़ा।

प्रशासन की ओर से सोमवार से पूरे रामपुरी कैंपकृष्णा नगर परिसर में अंडरग्राउंड वायरिंग तथा आवश्यक विद्युत फिटिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। कार्य प्रारंभ होते ही क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है। कई स्थानों पर खुदाई कर केबल बिछाने का काम तेज़ी से किया जा रहा है, जिससे वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अंडरग्राउंड वायरिंग से बिजली व्यवस्था अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और टिकाऊ होगी। खुले तारों से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी, वहीं सड़कें और गलियां भी तारों के जाल से मुक्त होंगी। इससे क्षेत्र की स्वच्छता, सुंदरता और समग्र विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि इस बार प्रशासन कार्य को अधूरा न छोड़ते हुए समयसीमा में पूरा करेगा। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि यह परियोजना सफलतापूर्वक पूर्ण होती है तो रामपुरी कैंप और कृष्णा नगर जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में बुनियादी सुविधाओं के सुधार की दिशा में यह एक अहम कदम साबित होगा।

# गुटखा पुडी ना देने पर की पिटाई

**संवाददाता, विदर्भ की दहाड़**

**शिरजगांव कस्बा, १८ दिसंबर -** गुटखा पुडी ना देने के कारण पर एक युवक को गालियां देते हुये लाठी से बेदम पिटाई किये जाने की घटना शिरजगांव कस्बा थाना क्षेत्र के कारंजा बहिरम में हुई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी धर्मा अशोक शिरसाट के खिलाफ विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता संजय भीमराव मोहोड ( ४५, कारंज बहिरम) अपने घर के सामने खडा था। आरोपी धर्मा अशोक शिरसाट ने संजय से गुटखा पुडी मांगी। संजय के पास गुटखा पुडी ना होने की बात कहते ही आरोपी धर्मा ने गालियां देना प्रारंभ किया।

पश्चात धर्मा ने घर से लाठी लाकर संजय की पिटाई की। जिसमें संजय के दोनों पैर फेक्चर हो गये। यही नही धर्मा दवार संजय की पिटाई के बाद देख लेने की धमकी भी दी। घटना पश्चात संजय ने शिरजगांव कस्बा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करायी। आरोपी धर्मा पर मामला दर्ज किया गया है।

# संविधान महोत्सव अंतर्गत सदस्यता मुहिम

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड़**

**बडनेरा, १८ दिसंबर - संविधान महोत्सव २०२६ अंतर्गत महाराष्ट्र अंधश्रध्दा निमुर्लन समिती के मार्गदर्शन में बडनेरा में बैठक आयोजित कर संविधान जागर तथा सदस्यता पंजीकरण मुहिम चलायी गयी। उपक्रम अंतर्गत नागरिकों में भारतीय संविधान के मुल्य, वैज्ञानिक दृष्टीकोण तथा विवेकनिष्ठ समाज निर्मिती के संदर्भ में व्यापक जनजागृती की गयी।**



कार्यक्रम में संविधान जागर अभियान अंतर्गत संविधान विषयक पत्रक वितरित किये गये। शहर में अंधश्रध्दा निमूर्लन समिती की सदस्यता पंजीकरण मुहिम प्रारंभ की गयी है। मुहिम के पहले दिन २ हजार नागरिकों ने सदस्यता में सक्रिय सहभाग लिया। यह कार्यक्रम महाराष्ट्र अंधश्रध्दा निमूर्लन समिती के जिला कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल श्रीधर की उपस्थिती में शहर शाखा के कार्याध्यक्ष दिलीप लाडे के निवास स्थान पर संपन्न हुई।

इस अवसर पर मार्गदर्शन करते हुये प्रफुल्ल श्रीधर ने भारतीय संविधान के सामाजिक महत्व, संविधानिक मुल्यों का जतन, वैज्ञानिक विचारों का प्रचार उसी तरह अंधश्रध्दा निमूर्लन समिती के कार्यप्रणाली विषय की जानकारी दी गयी। विवेक, समता, बंधुत्व व सामाजिक न्याय इन संविधानिक मुल्यों पर आधारित समाज निर्मिती के लिये संगठित प्रयास आवश्यक रहने का इस अवसर पर प्रतिपादन किया गया। कार्यक्रम में प्रवाह विभाग के कार्यवाहक बाबासाहेब मेश्राम किशोर तायडे सहित बडनेरा शाखा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित थे।

जिनमें बाळु मेश्राम, चेतन आगलावे, दामु काळखेर, गोपाल वानखडे, सुरेश तायडे, कुंदा मेश्राम, सारिका, राहुल कल्पना कोटांगडे, चंद्रप्रकाश अडकने, पुष्पा जाधव, कुमुद मेश्राम, अनुपमा गोंडाने, रहमत शाह, विजय डवरे, वर्षा पकडे, मोनाली सदावर्ते, मोनाली पहुरकर, रजनी सवाई आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप लाडे ने किया। आभार प्रदर्शन बाळासाहेब मेश्राम ने माना।

# नंदु कुलकर्णी को श्रध्दांजली

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड़**

**अमरावती, १८ दिसंबर -** भारतीय विद्या मंदिर द्वारा संचालित भारतीय महाविद्यालय में पिछले कई समय से सेवा देने वाले शिक्षकेत्तर कर्मचारी स्व. नंदु कुलकर्णी का निधन हुआ है। वर्ष २००७ से २०२२ तक भारतीय विद्या मंदिर में अपनी सेवाएं प्रदान की। उनके निधन पर महाविद्यालय के प्रा. डा. आराधना वैद्य की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गयी। दिवंगत आत्मा को शांती मिले तथा उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति मिले ऐसी प्रार्थना की गयी।



# चुनाव नियोजन तैयारी की समीक्षा, निगमायुक्त शर्मा की विविध कार्यालयों को भेट

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड़**

**अमरावती, १८ दिसंबर -** आगामी चुनाव की पार्श्वभूमि पर निगमायुक्त सौम्या शर्मा ने शहर में होने वाले चुनाव नियोजन के तैयारी का जायजा लिया। इस हेतु उन्होंने मनपा के विविध झोन कार्यालयों सहित महत्वपूर्ण विभागों को भेट दी। तथा प्रत्यक्ष रुप से जायजा लिया। इस दौरान मध्य झोन क्रं. २, पूर्व झोन क्रं. ३, पश्चिम झोन क्रं. ५, शिक्षा विभाग उसी तरह पुरानी तहसील कार्यालय का समावेश इस दौरान रहा। प्रत्येक स्थान पर निगमायुक्त ने चुनाव प्रक्रिया निमित्य चल रही तैयारी की जानकारी ली। मतदान केंद्रों की रचना, मतदान हेतु लगने वाली भौतिक सुविधा , कर्मचारियों का नियोजन, चुनाव सुची की अब तक स्थिती तथा सुरक्षा व प्रशासकिय व्यवस्था का निगमायुक्त ने जायजा लिया।



इस दौरान निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारियों से चर्चा कर चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शक तथा सुचारु रुप से संपन्न होने की आवश्यकता ऐसी अलग-अलग सुचनाएं निगमायुक्त ने दी। इसके अलावा निगमायुक्त ने सभी विभागों से समन्वयता पूर्वक तथा समय पर काम पूरा करने के भी आदेश दिये। उसी तरह चुनाव दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इस बात को विशेष रुप से ध्यान में रखने का आवाहन भी किया।

इस दौरान चुनाव निर्णय अधिकारी तथा उपजिलाधिकारी दुर्गा देवरे, प्रसन्नजीत चव्हाण, आरडीसी संतोष काकडे, विवेकानंद काळकर, अतिरिक्त आयुक्त शिल्पा नाईक, विधी अधिकारी श्रीकांतसिंह चव्हाण, भूषण पुसदकर, नितिन बोबडे, मनोज शहाने, मंगेश कडु, अमित डेंगरे, डा. प्रकाश मेश्राम, अक्षय निलंगे, डा. प्रतिभा आत्राम, प्रमोद इंगोले, विवेक देशमुख, हेमंत महाजन आदि उपस्थित थे।

# सोमठाना खुर्द के प्रकल्पग्रस्तों को मिलेंगा मुआवजा

## दस्तावेज पेश करने के आवाहन

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड़**

**अमरावती, १८ दिसंबर -** मेलघाट व्याघ्रप्रकल्प अंतर्गत मौजा सोमठाना खुर्द गांव का पुनर्वसन वर्ष २०१३-१४ में किया गया। गांव के ४२ खेल मुल्यांकन धारक तथा २१ वनहक्क धारको को अब नये भूसंपादन कानून के अनुसार खेती को १ पट रकम तथा उस पर ३० फिसदी रकम अदा की गयी है। भूसंपादन कानून २०१३ के मुताबिक मौजा सोमठाना खुर्द के ४२ खेतमुल्यांकन धारक तथा अधिकार धारकों के लिये निधी उपलब्ध हुई है। खेत मुल्यांकन व वनहक्क धारकों को खेती मुआवजा रकम वितरित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है। उपवन संरक्षक मेलघाट व्याघ्रप्रकल्प, अकोट वन्यजीव विभाग की ओर से इस संदर्भ में जानकारी दी गयी। शेष लाभार्थियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज तत्काल पेश करने का आवाहन किया गया है। मौजा सोमठाना खुर्द में पुनर्वसन अधिनियम १९९ का प्रावधान के मुताबिक हुआ था। प्रारंभ में सरकारी निर्णय के मुताबिक ४२ खेत मुल्यांकन धारक तथा २१ वनहक्क धारकों को खेती के मुल्यांकन की १ पट रकम तथा उस पर ३० फिसदी राहत रकम दी गयी थी। परंतु केंद्र सरकार के भूसंपादन अधिनियम २०१३ लागु होने से तथा नियम के मुताबिक जमीन का मुआवजा बढे हुये दर से मिलना अपेक्षित रहने से अब इन लाभार्थियों को मुल्यांकन की चार पट रकम देना निश्चित किया गया है। जिसके मुताबिक इससे पहले अदा की गयी १ पट रकम व ३० फिसदी राहत रकम कम कर शेष मुआवजा वितरित करने के लिये निधी उपलब्ध हुई है। महाराष्ट्र वनविभाग के संकेत स्थल पर सारी जानकारी उपलब्ध की गयी है। ग्रामवासी इस सुविधा का लाभ लेकर अपनी प्रलंबित मुआवजा प्राप्त करें, ऐसा आवाहन वन्यजीव विभाग उपसंचालक आर. एस. टोलिया ने किया है।

# स्कूल के समय बस ही नहीं रुकती, तो स्कूल जाएं कैसे?



## छात्रों का फूटा गुस्सा, किटाळी में चक्काजाम

### आगार प्रबंधक का नई बस शुरु करने का आश्वासन

**संवाददाता, विदर्भ की दहाड**

**आरमोरी, १८ दिसंबर-** तालुका के किटाळी, चुरमुरा, देऊळगांव (इंजेवारी), ठाणेगांव और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों छात्र प्रतिदिन शिक्षा के लिए आरमोरी की ओर आनाजाना करते हैं। लेकिन इस मार्ग पर एस.टी. बसें स्कूल के समय नियमित रुप से नहीं रुकने से विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर उनकी पढ़ाई पर पड़ रहा है।

बसें समय पर नहीं रुकने के कारण कई बार छात्र स्कूल देर से पहुंचते हैं, जिससे उनकी उपस्थिति कम हो रही है और शैक्षणिक नुकसान हो रहा है। विद्यार्थियों और अभिभावकों का कहना है कि बारबार शिकायत करने के बावजूद एस.टी. प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा। इसी लापरवाही से परेशान होकर गुस्साए विद्यार्थियों ने अभिभावकों के साथ किटाळी में चक्काजाम आंदोलन किया।

इस आंदोलन में पूर्व विधायक आनंदाराव गेडाम, कांग्रेस आदिवासी सेल के प्रदेश सचिव छगन शेडमाके तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक शामिल हुए। आंदोलन के कारण करीब दो घंटे तक मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

विद्यार्थियों का आरोप है कि स्कूल के समय बस चालक मनमाने ढंग से बसें रोके बिना आगे निकल जाते हैं, जिससे छात्रों को घंटों बस स्टॉप पर इंतजार करना पड़ता है। एस.टी. प्रशासन की इस लापरवाही से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इसी कारण विद्यार्थियों ने अभिभावकों और ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतरकर अपना रोष व्यक्त किया।

आंदोलन की सूचना मिलते ही उपविभागीय पुलिस अधिकारी सूरज जगताप, गडचिरोली के आगार प्रबंधक सचिन नेवारे, सहायक पुलिस निरीक्षक लांबकासे, पुलिस उपनिरीक्षक ज्योति राक्षे सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। छात्रों की समस्याएं सुनने के बाद आगार प्रबंधक ने तत्काल राहत देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर नई बस शुरु की जाएगी तथा मौजूदा बसों को नियमित रुप से स्टॉप पर रोका जाएगा।

आगार प्रबंधक के आश्वासन के बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों ने आंदोलन वापस ले लिया। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि दिए गए आश्वासन अमल में नहीं लाए गए तो दोबारा आंदोलन किया जाएगा। विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा यह गंभीर मुद्दा है और एस.टी. प्रशासन को तुरंत ठोस कार्रवाई करनी चाहिए, ऐसी जोरदार मांग परिसर के नागरिकों द्वारा की जा रही है।

# गडचिरोली जिला अस्पताल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## विवादित डॉ. वर्षा लहाडे की जिला शल्य चिकित्सक पद पर नियुक्ति

### प्रशासन के फैसले पर सवाल

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**गडचिरोली, १८ दिसंबर-** गडचिरोली जिले के स्वास्थ्य प्रशासन में बड़ा फेरबदल किया गया है। जिला शल्य चिकित्सक के पद पर कार्यरत डॉ. माधुरी किलनाके का तबादला महिला एवं बाल अस्पताल की अधीक्षक के रुप में कर दिया गया है। उनकी जगह जलगांव जिले के धरणगांव ग्रामीण अस्पताल की अधीक्षक डॉ. वर्षा लहाडे को गडचिरोली का जिला शल्य चिकित्सक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से जिले के चिकित्सकीय और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है।

डॉ. माधुरी किलनाके के कार्यकाल के दौरान उनके धीमे और निष्क्रिय कामकाज को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों में नाराजगी बताई जा रही थी। विभिन्न समीक्षा बैठकों में उनके कामकाज की आलोचना हुई थी। जानकारी के अनुसार सहपालकमंत्री ने भी एक बैठक में उन्हें कड़ी फटकार लगाई थी। अंततः १६ दिसंबर को उनका तबादला महिला एवं बाल अस्पताल की अधीक्षक पद पर कर दिया गया।




इस बीच, नवनियुक्त डॉ. वर्षा लहाडे के करियर पर पहले से ही विवादों की छाया रही है। करीब नौ वर्ष पहले नासिक में चर्चित अवैध गर्भपात मामले में उन्हें निलंबित किया गया था और इस प्रकरण में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। इसके अलावा, नंदुरबार में कार्यरत रहते समय उनके कथित तानाशाही व्यवहार के खिलाफ कर्मचारियों द्वारा लंबे समय तक आंदोलन किए जाने की भी चर्चा रही है।

इसी कारण गडचिरोली के चिकित्सा जगत में सुस्त गए और विवादित आए जैसी चर्चाएं हो रही हैं। वहीं, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. सोलंकी का भी तबादला बीड जिले के जिला शल्य चिकित्सक पद पर किया गया है।

### विवादित अधिकारियों की नियुक्तियों पर सवाल

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा गडचिरोली का पालकमंत्री पद संभालने के बाद जिले को विकास में अग्रणी बनाने का दावा किया गया था। हालांकि, औद्योगिक क्षेत्र को छोड़कर अन्य विभागों में शासन की अनदेखी के आरोप स्थानीय स्तर पर लगाए जा रहे हैं। कई विभागों में निलंबित रह चुके या भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी के मामलों में फंसे अधिकारियों की नियुक्तियां किए जाने का भी दावा किया जा रहा है। राजस्व और निर्माण विभाग के बाद अब जिला परिषद और स्वास्थ्य विभाग में भी ऐसी ही स्थिति बनने से विकास कार्यों की गुणवत्ता पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। मुख्यमंत्री के पालकत्व में गडचिरोली जिले का भविष्य क्या होगा, यह सवाल अब जोर पकड़ रहा है।

# आधारभूत धान खरीदी पंजीकरण की अवधि १५ जनवरी तक बढ़ाए

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**चंद्रपुर, १८ दिसंबर-** राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक कार्य एवं मत्स्य व्यवसाय मंत्री तथा विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने जिले के धान उत्पादक किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से आधारभूत धान खरीदी के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि १५ जनवरी तक बढ़ाने की मांग की है। यह मांग बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र के



मूल, बल्लारपुर और पोंभुर्णा तालुका के किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए की गई है।

भाजपा किसान मोर्चा के चंद्रपुर जिला अध्यक्ष बंडू गौरकार ने इस संबंध में विधायक सुधीर मुनगंटीवार को एक निवेदन सौंपा था। निवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक मुनगंटीवार ने मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस से यह मांग की। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि चंद्रपुर जिले में इस वर्ष बड़े पैमाने पर धान उत्पादन हुआ है, साथ ही धान उत्पादक किसानों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वर्तमान में आधारभूत धान खरीदी के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि १५ दिसंबर २०२५ निर्धारित की गई थी। हालांकि, बाजार समिति के कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त रहने के कारण कई किसान समय पर पंजीकरण नहीं करा सके। परिणामस्वरुप, १५ दिसंबर तक पंजीकरण न हो पाने से अनेक धान उत्पादक किसान आधारभूत खरीदी प्रक्रिया से वंचित रह गए हैं।

# चुनाव नतीजों के बाद गड़चिरोली में होगा बुलडोजर एक्शन

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**गडचिरोली, १८ दिसंबर-** पिछले कुछ दिनों से गड़चिरोली शहर में हादसे काफी बढ़ गये है। शहर के मुख्य चौक समेत विभिन्न मार्गों पर आए दिन छोटेमोटे हादसे हो रहे है। हाल ही में चंद्रपुर मार्ग पर ट्रक की ट्यर में महिला शिक्षिका की मृत्यु हुई थी। वहीं रविवार को मुख्य इंदिरा गांधी चौक में एक ही दिन दो हादसे हुए। जिसके कारण शहर में यातायात की समस्या गंभीर हो गयी है। इसका प्रमुख कारण अतिक्रमण होने की बात कही जा रही है।

अतिक्रमण के चलते सडकों पर वाहन खड़े रहने से अन्य वाहन चालकों का वाहनों से नियंत्रण छूटकर हादसे हो रहे है। जिससे अब नगर परिषद प्रशासन ने शहर के मुख्य चौक समेत प्रमुख मार्गों पर व्यवसायियों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाने की रणनीति तैयार की गई है। यह कार्रवाई नप चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद शुरु की जाएगी।

**२१ दिसंबर को घोषित होंगे नतीजे**

गड़चिरोली नगर परिषद के चुनाव प्रक्रिया २ दिसंबर को संपन्न हुई। लेकिन नप क्षेत्र के ३ प्रभागों में चुनाव २० दिसंबर को होने वाले है। और २१ दिसंबर को नतीजे घोषित होंगे। इसके बाद नगर परिषद पुलिस बंदोबस्त में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाएगा, ऐसी जानकारी मिली है।

# अवैध रुप से गौवंश की तस्करी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई

## चारपहिया वाहन सहित कुल ९,००,००० का माल जब्त

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**चंद्रपुर, १८ दिसंबर-** १७ दिसंबर २०२५ को पुलिस स्टेशन विरुर की टीम ने प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर विरुर पुलिस सीमा में गश्त के दौरान एक टाटा इंट्रा वाहन (क्रमांक एमएच ३४ बीझेड ९४९०) को रोककर पंचों की मौजूदगी में जांच की।

जांच के दौरान उक्त वाहन में कत्तल के उद्देश्य से अवैध रुप से ले जाए जा रहे कुल ६ गौवंशीय पशु (बैल) पाए गए। पुलिस ने वाहन चालक के कब्जे से ६ गौवंशीय पशु, अनुमानित कीमत १,५०,०००, तस्करी में प्रयुक्त चारपहिया वाहन, अनुमानित कीमत ७,५०,०००, इस प्रकार कुल ९,००,००० मूल्य का माल जब्त किया गया।




इस संबंध में वाहन चालक के विरुद्ध पुलिस स्टेशन विरुर में अपराध क्रमांक १९०/२०२५ के तहत पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, १९६० की धारा ११(१)(क) तथा महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम की धारा ५(ब), ९ और ११ के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच विरुर पुलिस द्वारा की जा रही है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चंद्रपुर श्री मुम्मका सुदर्शन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री ईश्वर कातकडे के मार्गदर्शन में, सहायक पुलिस निरीक्षक श्री संतोष वाकडे के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन विरुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा की गई।

# राज्य में अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों की फसल प्रतियोगिता

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**चंद्रपुर, १८ दिसंबर-** राज्य में कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में किसान अनेक नवाचार और प्रयोग कर रहे हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो रही है। ऐसे प्रयोगशील किसानों को उनकी अधिक उत्पादकता के लिए प्रोत्साहित कर सम्मानित करने से कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, उनके अनुभव और मार्गदर्शन से आसपास के अन्य किसानों को भी लाभ होगा और राज्य के कुल उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। इसी उद्देश्य से राज्य में फसल प्रतियोगिता योजना लागू की जा रही है।



रबी मौसम २०२५ में भी पिछली वर्ष की तरह यह फसल प्रतियोगिताएं तालुका, जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित की जा रही हैं। कृषि विभाग द्वारा रबी मौसम २०२५ में सामान्य एवं आदिवासी वर्ग के लिए ज्वार, गेहूं, चना, कुसुम (करडई) और अलसी (जवस) इन पांच फसलों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

किसान के नाम पर स्वयं की कृषि भूमि होना आवश्यक है तथा वह भूमि स्वयं खेती में होना चाहिए। किसान एक से अधिक फसलों के लिए एक साथ प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। संबंधित फसल के अंतर्गत किसान के स्वयं के खेत में न्यूनतम ४० आर क्षेत्र में सतत (लगातार) खेती होना अनिवार्य है।

**आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज**

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, निर्धारित प्रवेश शुल्क जमा करने की रसीद, ७/१२ एवं ८अ का उतारा, जाति प्रमाणपत्र (यदि आदिवासी हो), ७/१२ में घोषित क्षेत्र का चिह्नित नक्शा, बैंक खाते के चेक या पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति जरुरी है। आवेदन की अंतिम तिथि ज्वार, गेहूं, चना, कुसुम एवं अलसी फसलों के लिए ३१ दिसंबर २०२५ है। तालुका, जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए जाएंगे और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के विजेताओं का चयन किया जाएगा।

सामान्य वर्ग ३०० रुपए प्रति फसल, आदिवासी वर्ग १५० रुपए प्रति फसल है। तालुका स्तर प्रथम ५,००० रुपए, द्वितीय ३,०००, तृतीय २,००० रुपए, जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार १०,००० रुपए, द्वितीय ७,००० रुपए, तृतीय ५,००० रुपए, राज्य स्तर पर प्रथम क्र. ५०,०००रुपए, द्वितीय ४०,००० रुपए, तृतीय ३०,००० रुपए है। कृषि विभाग ने उपरोक्त फसलों के क्षेत्र एवं उत्पादन में वृद्धि के लिए अधिक से अधिक किसानों से फसल प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने संबंधित तालुका कृषि अधिकारी कार्यालय से संपर्क करें या महाराष्ट्र शासन कृषि विभाग की वेबसाइट पर विज़िट करें।

## मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना

# पात्र लाभार्थी महिलाओं को ३१ दिसंबर तक केवायसी कराना अनिवार्य

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**चंद्रपुर, १८ दिसंबर-** मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना के अंतर्गत जिन पात्र लाभार्थी महिलाओं के पिता या पति जीवित नहीं हैं अथवा जो तलाकशुदा हैं, ऐसी महिलाओं को पहले अपना केवायसी पूरा करना अनिवार्य है। इसके बाद संबंधित महिलाओं को पति या पिता का अधिकृत मृत्यु प्रमाणपत्र, अथवा तलाक प्रमाणपत्र / न्यायालय के आदेश की सत्यापित प्रति संबंधित आंगनवाड़ी सेविका के पास ३१ दिसंबर २०२५ तक जमा करनी होगी। यह पूरी प्रक्रिया ऑफलाइन पद्धति से की जाएगी।

इस योजना के लिए वेब पोर्टल पर केवायसी प्रक्रिया को ऑनलाइन रुप से अंतिम रुप देना आवश्यक है। इसके लिए पोर्टल में आवश्यक सुधार किए गए हैं। पात्र लाभार्थी महिलाओं से अपील की गई है कि वे पोर्टल पर जाकर केवायसी प्रक्रिया




ऑनलाइन पूर्ण करें।

इसके अलावा, जिन पात्र लाभार्थी महिलाओं ने पहले ही केवायसी पूरी कर ली है, लेकिन विकल्प चयन के दौरान कोई त्रुटि हो गई है, उन्हें एक बार सुधार की अंतिम सुविधा ३१ दिसंबर २०२५ तक दी जा रही है। यह सुविधा अंतिम अवसर होगी। इसके बाद किसी भी प्रकार का बदलाव संभव नहीं होगा, इसलिए जानकारी अत्यंत सावधानीपूर्वक भरने की अपील की गई है।

जिले की लाभार्थी महिलाओं से शीघ्र प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी मिनाक्षी भस्मे ने किया है।




# ब्रह्मपुरी में अवैध साहूकार के खिलाफ मामला दर्ज

**अवैध साहूकारों के शोषण की शिकायत हो तो पुलिस के ११२ या ७८८७८९०१०० पर सूचना दें**

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**चंद्रपुर, १८ दिसंबर-** १६ दिसंबर २०२५ को नागभीड़ तालुका निवासी ३६ वर्षीय फरियादी ने पुलिस स्टेशन ब्रह्मपुरी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, फरियादी ने २ फरवरी २०२१ को ब्रह्मपुरी के एक साहूकार से १,००,००० रुपये ब्याज पर लिए थे। इसमें से ३१ मार्च २०२१ को १५,००० रुपये नकद चुका दिए गए थे।

शेष ८५,००० रुपये समय पर न चुका पाने के कारण फरियादी ने साहूकार से भुगतान के लिए अतिरिक्त समय मांगा। इस पर साहूकार ने २० प्रतिशत ब्याज और प्रतिदिन ५,००० रुपये जुर्माना लगाने की धमकी दी तथा पैसे ब्याज सहित न लौटाने पर घर की कीमती वस्तुएं उठा ले जाने की चेतावनी दी।

साहूकार के दबाव के चलते फरियादी ने अलग-अलग साहूकारों से ब्याज पर पैसे लिए और अब तक उन्हें कुल ४८,५३,००० रुपये चुका चुका है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि साहूकारों को भुगतान करने के लिए फरियादी कंबोडिया देश जाकर अपनी किडनी बेचने तक को मजबूर हुआ।

इस मामले में ब्रह्मपुरी पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है। फरियादी की शिकायत के आधार पर पुलिस स्टेशन ब्रह्मपुरी में अपराध क्रमांक ६५४/२०२५ के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा ३८७, ३४२, २९४, ५०६, १२०(बी), ३२६ तथा महाराष्ट्र साहूकारी (विनियमन) अधिनियम २०१४ की धारा ३९ और ४४ के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। अब तक ५ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

चंद्रपुर जिले के नागरिकों से अपील की जाती है कि यदि कोई अवैध साहूकार मूलधन पर अत्यधिक ब्याज वसूल कर स्वयं या उनके परिवार का आर्थिक, शारीरिक अथवा मानसिक शोषण कर रहा हो, तो तुरंत चंद्रपुर जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष के ११२ या ७८८७८९०१०० पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा और अवैध साहूकारों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में भव्य सांस्कृतिक उत्सव

**पूर्व मंत्री और विधायक राजकुमार बडोले की पहल**

**विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार उपस्थित रहेंगे**

**नागरिक भी प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे**




**संवाददाता, विदर्भ की दहाड**

**अर्जुनी मोरगांव, १८ दिसंबर-** भारतीय लोक संस्कृति की विरासत को संरक्षित करने के लिए अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में एक भव्य सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व राज्य मंत्री, एनसीपी नेता और विधायक राजकुमार बडोले की परिकल्पना और विधायक सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा आयोजित यह पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम सड़क अर्जुनी और अर्जुनी मोरगांव में होगा। इस उत्सव में १५० से अधिक कलाकार भाग लेंगे और यह नृत्य, संगीत और कीर्तन जैसे विभिन्न कार्यक्रमों से परिपूर्ण होगा।

यह उत्सव १९ दिसंबर को शाम ६ बजे आशीर्वाद लॉन, सड़क अर्जुनी में शुरु होगा। पहले दिन, पावा द्वारा लाइव संगीत और ध्यान का विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। दूसरे दिन, २० दिसंबर को डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। २१ दिसंबर को शाम ६ बजे जिला परिषद स्कूल ग्राउंड, अर्जुनी मोरगांव में पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिता होगी। २२ दिसंबर को शिवलीला पाटिल द्वारा सुश्रुत कीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा और उत्सव का समापन २३ दिसंबर को इंडियन आइडल फेम सवाई भट्ट के प्रदर्शन के साथ होगा।

यह गीत नोना ने गाया था, लेकिन वह उत्तर की ओर नहीं गई थी। यह एक लाइव कॉन्सर्ट होगा। यह आयोजन भारतीय लोक संस्कृति के विविध रंगों को प्रदर्शित करेगा। नागरिक इस उत्सव में सक्रिय रुप से भाग ले सकेंगे। डांडिया और पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम स्थान पाने वाले को ५१ हजार रुपये, द्वितीय स्थान पाने वाले को ४१ हजार रुपये, तृतीय स्थान पाने वाले को ३१ हजार रुपये के साथ-साथ पांच सांत्वना पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले ने नागरिकों से प्रतियोगिताओं में भाग लेने और कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करेगा और संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा देगा। इस कार्यक्रम ने अर्जुनी मोरगांव क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया है। यह महोत्सव संगीत प्रेमियों और नृत्य प्रेमियों के लिए अविस्मरणीय रहेगा। इस उद्देश्य से गोंदिया के होटल एकतारा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित भाजपा जिला महासचिव प्रशांत शहारे, एनसीपी अर्जुनी मोरगांव तालुका अध्यक्ष लोकपाल गहाणे सड़क अर्जुनी तालुका अध्यक्ष डॉ. अविनाश काशीवार अर्जुनी मोरगांव भाजपा तालुका अध्यक्ष राघ्येशम भेंडरकर केशोरी मंडल अध्यक्ष प्रकाश गहाणे सी अर्जुनी मंडल अध्यक्ष राजेश कठाने उपस्थित भाजपा जिला महासचिव प्रशांत शहारे एनसीपी अर्जुनी मोरगांव तालुका अध्यक्ष लोकपाल गहाणे, सड़क अर्जुनी तालुका अध्यक्ष डॉ. अविनाश काशीवार, अर्जुनी मोरगांव भाजपा तालुका अध्यक्ष राधेश्याम भेंडरकर, केशोरी मंडल अध्यक्ष प्रकाश गहाणे, एस अर्जुनी मंडल अध्यक्ष राजेश कठाने, सौदाद मंडल अध्यक्ष विलास बागडकर, शिवसेना एस अर्जुनी तालुका विलास कागपते, सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार बडोले फाउंडेशन के हितेश डोंगरे, राजकुमार बडोले फाउंडेशन के राकेश भास्कर, धनंजय वायदे, राजकुमार बडोले फाउंडेशन के अजीत मेश्राम, भाजयुमो अध्यक्ष विवेक भेंडकर, सम्राट भीमटे सचिन कागपते कुणाल बडोले उपस्थित थे। प्रशांत शाहारे ने इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# गड़चिरोली में आदिवासी विकास को रफ्तार

**९.६ अरब लीटर पानी बचाने का लक्ष्य ◆ ३ हजार किसानों को सीधा लाभ**

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**गडचिरोली, १८ दिसंबर-** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आदिवासी विकास, कृषि क्षेत्र व बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की दूरदृष्टि के चलते गड़चिरोली जिले के एटापल्ली तहसील के लिए १२.७६ करोड़ रुपयों का महत्त्वाकांक्षी समग्र विकास प्रकल्प चलाया जाने वाला है। इस प्रकल्प के माध्यम से आदिवासी समुदाय को आजीविका, रोजगार तथा जलसुरक्षा का तीहरा लाभ मिलने वाला है।



हिंदुस्तान यूनिलीवर फाउंडेशन (एचयूएफ) तथा वॉटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट (वीओटीआर) के सहयोग से प्रकल्प मई २०२५ से मार्च २०२८ की अवधि में एटापल्ली तहसील के ३० गांवों में ३ हजार किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव होने वाले है। यह प्रकल्प आदिवासी समुदाय के जीवनस्तर का दर्जा उंचा उठाकर उन्हें पूरी तरह से स्वयंपूर्ण बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसमें पानी की किल्लत, खेती तथा वन आधारित आजीविका के समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

### ४,२१२ टन अतिरिक्त कृषि उत्पादन होने की अपेक्षा

समग्र विकास प्रकल्प के माध्यम से एटापल्ली तहसील में आजीविका, रोजगार व जल सुरक्षा के लाभ प्राप्त किए जाने वाले है। इस तीनों लाभ में आजीविका को बल यानी उत्पादन में वृद्धि महत्वपूर्ण है। इस प्रकल्प से सहभागी किसानों के लिए १५.१२ करोड़ रुपयों की अतिरिक्त आय निर्माण होगी। इससे उनकी वित्तीय स्थिति सुधारने में मदद होगी। इसके साथ ही ४,२१२ टन अतिरिक्त कृषि उत्पादन होने की अपेक्षा है।

### शिक्षित युवकों का स्थलांतर रुकेगा

इस प्रकल्प के दूसरा लाभ रोजगार निर्मिती है। इस प्रकल्प के माध्यम से गांव में ही ४,३०,६०० मनुष्य दिवस इतने अतिरिक्त रोजगार की निर्मिती होगी। इससे शिक्षित युवकों का स्थलांतर रुकेगा, वहीं आदिवासी महिलाओं को कृषिव्यवसाय तथा वनआधारित व्यवसाय में सक्रिय सहभाग ले सकेंगे।

वहीं जलसुरक्षा (पानी की बचत) में इस प्रकल्प में जलसंधारण तथा जल प्रबंधन के बुनियादी सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। जिससे ३ वर्षों में करीब ९.६ अब्ज लीटर पानी की बचत करने का लक्ष्य है।

### आदिवासी विकास को मिलेगी गति

यह होलिस्टिक डेवलपमेंट प्रकल्प सफल करने के लिए कुल १२ करोड़ ७६ लाख ७ हजार २५२ रुपये का खर्च अपेक्षित है। इसमें से हिंदुस्थान यूनिलीवर फाउंडेशन का योगदान ६ करोड़ ८६ लाख ७६ हजार १०५ रुपये है। वहीं अन्य राशि (५, ८९, ३१,१४७ रुपये) सहनिधि से जमा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में इस प्रयास से गड़चिरोली के आदिवासी समुदाय को शाश्वत विकास की दिशा में व्यापक गति मिलने की अपेक्षा व्यक्त हो रही है।

# जंतरमंतर प्रदर्शन में शामिल हुए जिले के ओबीसी संगठन

**भंडारा-** महासंघ तथा बीसी वेलफेयर एसोसिएशन तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में हाल ही में जंतर मंतर, नई दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें भंडारा जिले से ओबीसी महासंघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ शामिल हुए। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार से ओबीसी समाज की लंबित और महत्वपूर्ण मांगों को स्वीकृत कराना रहा। आंदोलनकारियों ने जाति आधारित जनगणना कराए जाने, केंद्र में ओबीसी के लिए स्वतंत्र मंत्रालय स्थापित करने, आरक्षण की ५० प्रतिशत सीमा हटाने तथा १३ सितंबर २०१७ के बाद से नहीं बढ़ाई गई क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाने की मांग की। इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद २४३ डी (६) और २४३ टी (६) में संशोधन कर स्थानीय स्वराज संस्थाओं में ओबीसी को २७ प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाने की मांग रखी गई। प्रदर्शन में केंद्र सरकार के सभी विभागों में ओबीसी वर्ग की आरक्षित २७ प्रतिशत सीटों को पूर्ण रुप से भरने, महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले को मरणोपरांत भारत रत्न प्रदान करने, लोकसभा और विधानसभा में ओबीसी के लिए पृथक निर्वाचन क्षेत्र बनाने तथा ओबीसी को अत्याचार निवारण कानून में शामिल करने की मांग की गई।

# सीएम फडणवीस के जिले में रोटीरोजगार की जंग!

**गड़चिरोली के मजदूर पलायन को मजबूर**

**तेलंगाना की ओर बढ़े कदम**

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**गडचिरोली, १८ दिसंबर-** राज्य के आखिरी छोर पर बसा जहां सीएम फडणवीस पालक मंत्री है जहां आदिवासी बहुल, नक्सल प्रभावित, और अतिदुर्गम क्षेत्र में बसे गड़चिरोली जिले में अब तक रोजगार के अवसर शुरू नहीं हो पाये है। जिससे अधिकतर नागरिकों को बाहर राज्य और बाहर जिलों में जाकर रोजगार तलाशना पड़ता है। ऐसे में उद्योग विहीन और पिछड़े अहेरी उपविभाग में एकमात्र खेती ही रोजगार का साधन है।

ऐसे में रोजगार के अभाव के चलते अहेरी उपविभाग के मजदूर अब तेलंगाना राज्य में रोजगार के लिए स्थलांतरित होते दिखायी दे रहें है। दो जून की रोटी का जुगाड़ करने के लिए क्षेत्र के आदिवासी ग्रामीण अपने पूरे परिवार के साथ तेलंगाना के विभिन्न शहरों में पहुंचकर रोजगार की तलाश में जुटे हुए नजर आ रहें है।

### जिले में कोई बड़ा उद्योग नहीं

गड़चिरोली जिले का अधिकत्तर हिस्सा ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्र में बसा है। लेकिन



जिले के दुर्गम क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण कोई भी उद्योग शुरूनहीं हो पाया है। जिससे जिले के नागरिकों को वनसंपदा से मिलनेवाले रोजगार पर पर निर्भर रहना पड़ता है। जिसके कारण जिले में बेरोजारों की संख्या काफी बढ़ गयी है।

इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध करा देने की मांग पिछले अनेक वर्षों से जारी है। बावजूद इसके सरकार को प्रशासन की उदासीनता के चलते कोई उद्योग तहसील में शुरू नहीं हुआ है। इस उपविभाग के लोग जो मिले वह व्यवसाय कर अपना और अपने परिवार का पालनपोषण कर रहें है।

### रोजगार उपलब्ध कराने की मांग

इस क्षेत्र के लोगों के लिए खेती ही एकमात्र रोजगार का साधन बनी हुई है। कृषि कार्य होने के बाद लोगों को अन्यत्र रोजगार के लिए जाना पड़ता है। तेंदूपत्ता संकलन के माध्यम से दो माह का गुजारा होता है। इसके बाद जीवनयापन करने के लिए रोजगार की आवश्यकता होती है।

सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की गारंटी योजना के अंतर्गत काम उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान स्थिति में कुछ ही जगह पर काम शुरू है। वहीं अब खेतीकार्य भी खत्म होने से मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। इस कारण मजदूर रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जा रहें है।

# कंबोडिया कैसे पहुंचा? ब्रम्हपुरी किडनी केस में नए खुलासे

**५ साहूकार अरेस्ट, पोलटिकल लिंक से मचा बवाल**

**संवाददाता, विदर्भ की दहाड**

**नागभीड, १८ दिसंबर-** नागभीड तालुका के मिंथुर गांव के किसान को कंबोडिया ले जाकर उसकी किडनी निकाल ली गई। इस मामले में पुलिस कई प्रकार के सूत्रों को खंगाल रही है। कोलकाता से पीड़ित किसान ३६ वर्षीय रोशन शिवदास कुले को कोलकाता कैसे पहुंचाया गया? कोलकाता से उसे कंबोडिया ले जाने में किन लोगों का हाथ था, इन प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए पुलिस द्वारा विविध स्तर पर जांच शुरु कर दी गई है।

इस मामले में फरार एक आरोपी की भी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि पीड़ित किसान रोशन कुले को साहूकारी कर्ज के चलते किडनी बेचना पड़ा। इस मामले में पुलिस ने पीडित किसान की शिकायत दर्ज करते हुए ६ साहूकारों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। कोलकाता से कंबोडिया तक किसान के सफर को लेकर अनुमान लगाया जा रहा है कि इन साहुकारों का सिंडीकेट है और इन्हे लेनदेन संबंधों से संरक्षण भी मिला हुआ है।

बुधवार दोपहर को पुलिस ने पीडित की शिकायत पर जिन ६ साहूकारों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है उनमें ब्रम्हपुरी के मनिष पुरुषोत्तम घाटबांधे, किशोर राम बावनकुले, लक्ष्मण पुंडलिक ऊरकुडे, प्रदीप राम बावनकुले, संजय विठोबा बल्लारपुरे व सत्यवान रामरतन बोरकर का समावेश है।



### मामले से मचा हडकंप

ब्रह्मपुरी शहर में कर्जदारों का अमानवीय आर्थिक, मानसिक और शारीरिक शोषण करने का मामला उजागर होते ही समूचे राज्य में हडकंप मचा है। पीड़ित नागभीड़ तालुका के मिंथुर निवासी रोशन शिवदास कुले की शिकायत के अनुसार उसने २ फरवरी, २०२१ को ब्रह्मपुरी के एक साहूकार से ब्याज पर १ लाख रुपये उधार लिए थे। जिसमें से ३१ मार्च, २०२१ को १५ हजार रुपये लौटा दिए थे।

लेकिन, जब बाकी ८५ हजार रुपये समय पर नहीं दिए, तो साहूकार ने २० प्रतिशत की दर से ब्याज और ५ हजार रुपये प्रतिदिन का जुर्माना लगाने की धमकी दी। पैसे न देने पर घर से कीमती सामान ले जाने की भी धमकी दी। यहीं नहीं पीडित के भाई से भी मारपीट करने का उल्लेख शिकायत में है।

### ४८.५३ लाख चुकाए

पुलिस से शिकायत में कहा गया है कि उसने अब तक साहूकारों को करीब ४८ लाख ५३ हजार रुपये दिए हैं। शिकायत में यह भी लिखा है कि शिकायतकर्ता ने पैसे की तंगी के कारण कंबोडिया जाकर अपनी किडनी बेच दी। हालांकि वह कोलकाता से कंबोडिया कैसे पहुंचा, उसे कौन ले गया इसका कोई उल्लेख नहीं है।

शिकायत के अनुसार, २०२१ से जून २०२३ के बीच, आरोपियों ने १.५ करोड़ रुपये का बहुत ज़ादा ब्याज वसूलने की साज़िश रची। शिकायत में यह भी कहा गया है कि वसूली के लिए शिकायतकर्ता को कब्जे में रखा गया और गंदीगंदी गालियां देते हुए पीटा गया जिसमें उसे गंभीर चोटें भी आईं।

### दर्ज हुआ अपराध

इस मामले में ब्रह्मपुरी पुलिस थाने में अपराध क्र। ६५४/२०२५ भारतीय दंड संहिता की धारा १२० (बी), ३२६, ३४२, २९४, ३८७, ५०६, ३४ और महाराष्ट्र मनी लॉन्ड्रिग (रेगुलेशन) एक्ट, २०१४ की धारा ३९ और ४४ के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की आगे की जांच एसपी और अतिरिक्त एसपी के मार्गदर्शन में थानेदार प्रमोद बानबले की टीम कर रही है।

### साहुकारों की जानकारी मांगी

इस बीच, चंद्रपुर जिला पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अगर कोई अवैध साहूकार मूल राशि पर बहुत ज़ादा ब्याज ले रहा है और उन्हें आर्थिक, शारीरिक और मानसिक रुप से परेशान कर रहा है, तो वे पुलिस कंट्रोल रुम दूरभाष क्र. ११२ पर जानकारी दें सकते है।

### पोलटिकल कनेक्शन

बताया जाता है कि इस मामले में आरोपी साहूकार का बल्लारपुर में एक बार है। आरोपी की पत्नी ने हाल ही में हुए निगम के चुनाव में प्रभाग क्र। १० से कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ा है।

### कई सवालों की गुत्थी

इस मामले में कई सवालों पर रहस्य बना हुआ है। जिसमें पीडित को कंबोडिया का पता कहां से मिला? वह कैसे पहुंचा? वहां कब गए और कब लौटे? इसमें किसने मदद की? क्या साहुकारों के किडनी बेचनेवालों से संबंध है? नहीं तो ब्रम्हपुरी जैसे छोटे गांव के तार कोलकाता से कंबोडिया कैसे जुडे? क्या यह पहला मामला है? जैसे कई सवालों के जवाब आनेवाले समय में मिलेंगे या नहीं इस ओर पूरे जिले की निगाहें है। जांच जैसे जैसे आगे बढेगी वैसे वैसे नये खुलासे होने की उम्मीद है। बहरहाल पीडित की लिखित शिकायत में भी कई बातों का उल्लेख नहीं है।

## खेल प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास

**विधायक विजय रहांगडाले का प्रतिपादन**

**गोंदिया, १८ दिसंबर-** छात्रों के शैक्षणिक विकास के साथसाथ उनके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में खेल प्रतियोगिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, ऐसा प्रतिपादन विधायक विजय रहांगडाले ने किया। वे केसलवाड़ा में आयोजित तालुका स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि खेलों से छात्रों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। साथ ही हारजीत को सकारात्मक रुप से स्वीकार करने की सीख भी मिलती है। आज के तनावपूर्ण जीवन में खेल विद्यार्थियों को तनावमुक्त रखने में सहायक हैं, इसलिए शिक्षण संस्थानों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम में समाज कल्याण समिति की सभापति रजनीताई कुंभरे ने दीप प्रज्वलन किया, जबकि पंचायत समिति तिरोड़ा के सभापति तेजराम चव्हाण ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जिला परिषद व पंचायत समिति के जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, शिक्षण समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सब्जी के दामों ने तोड़े रिकॉर्ड

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**भंडारा, १७ दिसंबर-** हर साल, सर्दी का मौसम बाजारों में सस्ती दरों के लिए जाना जाता है। इन फसल के दिनों में सब्जियों की भारी आवक बढने से कीमतें गिर जाती हैं। हालांकि, यह साल अपवाद साबित हुआ है। बेमौसम बारिश और खरीफ सीजन की लंबी अवधि के कारण सब्जियों के उत्पादन को भारी झटका लगा है। आवक में कमी आने से दामों ने रिकॉर्ड ऊंचाई छू ली है। फसल के दिनों में भी बाजार गरमाया हुआ है, जिससे आम नागरिकों को महंगाई की तीव्र मार झेलनी पड़ रही है।



इस सीजन में सब्जी बाजार में महंगाई ने रिकॉर्ड स्तर छू लिया है। पिछले साल की कीमतों की तुलना में, कई सब्जियों के दामों में चौगुनी (चार गुना) तक वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर, खुदरा बाजार में अधिकांश सब्जियों की कीमतें ६० से ८० रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच गई हैं, जिससे ग्राहकों को तीव्र आर्थिक तनाव महसूस हो रहा है।

### बेमौसम बारिश ने बिगाड़ा खेल

खरीफ सीजन के अंतिम चरण में कई जगहों पर बेमौसम बारिश हुई। इसका सीधा असर पत्तेदार सब्जियों और टमाटर, मिर्च जैसी कोमल फसलों पर पड़ा। खड़ी फसलें नष्ट हो गईं। पानी जमा होने से कटाई के लिए तैयार माल सड़ गया। इससे बाजार में अपेक्षित आवक बहुत कम हो गई। इस साल रबी की बुवाई की अवधि लंबी खिंचने के कारण कई किसानों ने सर्दियों की सब्जियों की बुवाई देरी से की। बाजार में आवक सही समय पर शुरु होनी चाहिए थी, जो लगभग १५ से २० दिन देर से शुरु हुई है। इससे मांग और आपूर्ति का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया।

### सामान्य परिवारों का बजट बिगड़ा

बढ़ती महंगाई का सबसे बड़ा असर मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के दैनिक खर्च पर पड़ा है। सब्जियों के दाम पहुंच से बाहर होने के कारण गृहणियों को रसोई के मेन्यू में बदलाव करने पड़ रहे हैं। कम कीमत वाली और टिकाऊ सब्जियों पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इस तीव्र आर्थिक तनाव के कारण नागरिकों में तीव्र असंतोष देखा जा रहा है।

## स्वास्थ्य की संजीवनी

# आकाश तत्व

हमारा शरीर पंचतत्वो से बना है और यह ब्रह्मांड भी पांच तत्वों से ही बना है। पंच तत्वों में आकाश तत्व सबसे अधिक उपयोगी है और प्रथम तत्व है। कहा जाता है अगर आकाश तत्व ना होता तो जीवन संभव ही नहीं हो पाता इसीलिए धरती तत्वों को माता व आकाश तत्व को पिता समान कहा गया है।




जिस तरह ईश्वर निराकार किंतु सत्य है, उसी प्रकार आकाश तत्व निराकार भी है और सत्य भी। जिस तरह परमात्मा अविनाशी है उसी तरह आकाश तत्व भी अविनाशी है। प्रलय काल के समय भी आकाश तत्व का अंत नहीं होता। आकाश में देवताओं का वास माना जाता है जो की अमर है। हम भी इस महान तत्व का भरपूर सेवन कर, इसकी पूर्ति कर, अमर नहीं तो स्वस्थ तो हो ही सकते हैं।

जिस तरह ठोस वस्तु से ठोस वस्तु की ही प्राप्ति होती है, उसी तरह तो निराकार वस्तु से निराकार वस्तु की ही प्राप्ति होती है। इस निराकार आकाश तत्व के सेवन से परम कल्याणकारी निराकार शक्ति की प्राप्ति होती है जो हमारी मानसिक तथा शारीरिक दोनों प्रकार के स्वास्थ्य को बढ़ाकर, हमारी आध्यात्मिक उन्नति भी करवाती है।

हमारे शरीर में आकाश तत्व के विशेष स्थान सिर, कंठ, हृदय उदर, व जो भी रिक्त स्थान है जैसे पेट में कुछ खाली स्थान, हमारी नासिका में, हमारे कानों में, हमारे मुख में,हमारे शरीर में जो ब्लड घूमता है वह रिक्त स्थान की वजह से ही हो पाता है।

आकाश तत्व में गड़बड़ी होने से हम सभी को माइग्रेन, स्ट्रेस, सर दर्द, नींद ना आना, गलत ख्याल आना, गलत सपने, भय, अकारण भय, कमजोरी होना, जैसी कई समस्याएं हो सकती है। इसके अलावा हमारे शोक,काम, क्रोध, मोह, लोभ और भय यह सब आकाश तत्व से संबंधित होते हैं।

आकाश तत्व की पूर्ति के लिए विश्राम, नींद, प्रसन्नता, मनोरंजन, उपवास आदी बहुत आवश्यक है जिससे इस महान आकाश तत्व की शरीर को पूर्ति होती है। विश्राम अधिकतर हम सभी लोग नींद को ही आराम समझने की भूल कर बैठते हैं, आराम अलग विषय है, नींद अलग विषय है। विश्राम का सीधा सादा मतलब, काम के बाद आराम है, जो की स्वाभाविक भी है। विश्राम केवल शारीरिक विश्राम नहीं है शारीरिक और मानसिक विश्राम के मेल होने पर ही शरीर को पूर्ण विश्राम का सौभाग्य प्राप्त होता है। अगर हम बिस्तर पर लेटे हुए हैं और मन में कई विचार चल रहे हैं तो यह विश्राम की अवस्था नहीं है, इससे उतना लाभ नहीं होगा। यहां एक चीज की हमें और सावधानी रखनी चाहिए कि विश्राम और आलस्य में भी जमीन आसमान का अंतर होता है, इस अंतर को समझकर विश्राम जरुर करना चाहिए। परिश्रम और विश्राम दोनों जीवन में होने चाहिए। विश्राम एक ऐसी औषधि है जिससे थकावट दूर होती है और खोई हुई शक्ति वापस प्राप्त होती है।



**- डॉ. प्रदीप तरडेजा**
**स्वास्थ्य सुरक्षा फाउंडेशन**

---

# युवा स्वाभिमान से मनपा चुनाव लडने इच्छुक कई दावेदार

## ४३८ इच्छुक उम्मीदवारों ने आवेदन पत्र प्राप्त किए

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**अमरावती, १८ दिसंबर-** आगामी महानगरपालिका चुनाव के लिए युवा स्वाभिमान पार्टी की ओर से चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवारों को भारी प्रतिसाद मिला है। पार्टी द्वारा शुरु की गई आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत कुल ४३८ इच्छुक उम्मीदवारों ने आवेदन पत्र प्राप्त किए हैं। आवेदन लेने की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है और अब किसी भी नए इच्छुक उम्मीदवार को पार्टी की ओर से आवेदन नहीं दिया जाएगा, ऐसी जानकारी पार्टी सूत्रों ने दी है।



आवेदन प्रक्रिया को मिले उत्स्फूर्त प्रतिसाद से पार्टी में चुनाव को लेकर उत्साहपूर्ण माहौल देखा जा रहा है। युवा स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलकंठराव कात्रे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पार्टी ने संगठनात्मक तैयारियों को तेज कर दिया है।

पार्टी की ओर से प्राप्त आवेदनों की १८, १९ और २० दिसंबर को साक्षात्कार प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इन साक्षात्कारों के बाद पार्टी अपने अधिकृत उम्मीदवारों की सूची घोषित करेगी। इच्छुक उम्मीदवारों के साक्षात्कार चुनाव साक्षात्कार समिति द्वारा लिए जाएंगे, जिसमें मार्गदर्शक एवं वरिष्ठ पदाधिकारी सुनील राणा, प्रा. अजय गाडे, नंदेश अंबाडकर, शैलेंद्र कस्तुरे, जयंत वानखड़े, हरिष चरपे, कमलकिशोर मालानी, शिवदास घुले, संजय हिंगासपुरे, सोनाली नवले, ज्योती सैरिसे, संजय मुनोत, मनोज चांदवानी, प्रा. सतीश खोडे, प्रा. संतोष बनसोड, गंगाधर आवारे, बालू इंगोले और अवी काले शामिल हैं।

युवा स्वाभिमान पार्टी के अध्यक्ष विधायक रवि राणा के मार्गदर्शन में पार्टी ने महानगरपालिका चुनाव की ठोस तैयारी शुरु कर दी है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि चुनाव में शहर के विकास, युवाओं के मुद्दों और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को प्रमुख एजेंडा बनाकर मैदान में उतारा जाएगा।

---

## पी. आर. पोटे पाटील इंटरनेशनल स्कूल में क्रीड़ा महोत्सव का शुभारंभ



**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**अमरावती, १८ दिसंबर-** पी. आर. पोटे पाटील इंटरनेशनल स्कूल में आज तीन दिवसीय क्रीड़ा महोत्सव का भव्य शुरुआत हुई। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी माननीय अनिल इंगळे, अमरावती महानगरपालिका के उपायुक्त डॉ. नरेंद्र वानखड़े, विद्यालय के प्राचार्य सचिन दुगें तथा उपप्राचार्या सोनल निस्ताने की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का उद्घाटन हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा का पूजन कर तथा क्रीड़ा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इस क्रीड़ा महोत्सव में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मैदानी खेलों का आयोजन किया गया है, जिनमें रनिंग रेस, पोटेटो रेस, नींबूचम्मच दौड़, सैक रेस, बैलून रेस, बास्केटबॉल, गोला फेंक, रस्साकशी, लेझीम और योगा जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ इन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन कक्षा आठवीं के विद्यार्थी आयुषी जायसवाल, अनिमेष मोहोड़, भूमी श्रीरामे और आर्यन अंबाडकर ने किया। खेल प्रतियोगिताओं के मैदान का संचालन प्रवीण मेंढे सर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

---

## जाहीर नोटीस

**धारणी येथील श्री डी.जे.पंडीत, दिवाणी न्यायाधिश,(क. स्तर) धारणी यांचे न्यायालयात**

**आर.एम.जे.सी.क्र. २३५/२०२५** **ने.ता. ०४/१२/२०२५**

**अर्जदार:-** १) सविता राजेंद्र कोल्हेकर, वय ३९ वर्ष, धंदा- घरकाम, रा.हरदोली, ता.धारणी, जि.अमरावती.२) कविता प्रकाश मावस्कर, वय ३६ वर्ष, धंदा- घरकाम ३) बबिता सुनिल जावरकर, वय ३३ वर्ष, धंदा- घरकाम ४) रविता राम जामबेकर, वय ३० वर्ष, धंदा- घरकाम, रा.दाब्याखेडा, ता.धारणी, जि.अमरावती.५) नविता धिरज जावरकर, वय २७ वर्ष, धंदा- घरकाम ६) निकीता राज जावरकर, वय २५ वर्ष, धंदा- घरकाम ७) फुलेर बन्सी कास्देकर, वय ४९ वर्ष, धंदा- घरकाम अनु क्र.२,३ व ५ ते ७ रा.कुसुमकोट बु.ता.धारणी, जि.अमरावती

**विरुद्ध**

**गैरअर्जदार :- निरंक**

ज्याअर्थी अर्जदार यांनी मुंबई विनियम अधिनियमाचे कलम २ अन्वये या न्यायालयात वारसा प्रमाणपत्र मिळण्याकरिता अर्ज केला आहे. त्या अर्जामध्ये असे नमूद केले आहे की, **मयत बन्सी बाबु कास्देकर** यांचा मृत्यू **दि. २२/०४/२०२१** रोजी मौजा **कुसुमकोट** ,ता. धारणी, जि.अमरावती येथे झाला. वरील अर्जदार हे त्यांचे कायदेशीर वारस आहेत. सर्व अर्जदार शिवाय इतर कोणीही मय्यताचे वारस नाहीत. सबब वारस प्रमाणपत्र मिळावे. असा अर्ज प्राप्त झाला आहे.

त्याअर्थी सदर अर्जास कोणाचीही कसल्याही प्रकारची हरकत असल्यास त्यांनी नोटीस प्रसिद्ध झाल्यापासुन ३० दिवसाचे आत सकाळी ठिक १०:३० वाजता स्वतः जातीने अगर निर्दिष्ट केलेल्या वकीलामार्फत वि. दिवाणी न्यायाधिश (क.स्तर) धारणी या न्यायालयात हजर होवून आपली लेखी हरकत दाखल करावी, अन्यथा कोणाला कोणत्या प्रकारची हरकत नसल्याची समजून प्रकरण निकाली काढण्यात येईल.

आज दि. ११/११/२०२५ रोजी, माझ्या सहीने व न्यायालयाच्या शिक्यानिशी दिले.

कोर्टाचा शिक्का

**आदेशानुसार**
**सहायक अधीक्षक**
**दिवाणी न्यायालय (क.स्तर) धारणी**

---

# २२वां वार्षिक बाबा हरभजन साहिब का मेला महोत्सव २४ जनवरी से

## पूज्य उदासीन समाधा आश्रम का आयोजन

## सामूहिक जनेऊ संस्कार २५ को

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**अमरावती, १८ दिसंबर-** प.पू. सदगुरु १००८ बाबा शिवभजन महाराज साहिब की असीम कृपा से तथा वर्तमान प.पू. उदासीन समाधा आश्रम के पीठाधीश्वर १००८ बाबा नारायण भजन महाराज के आशीर्वाद से इस वर्ष भी प.पू. सदगुरु बाबा हरभजन साहिब का २२वां वार्षिक बाबा हरभजन साहिब का मेला महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। आगामी २४ से २६ जनवरी २०२६ को आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का समावेश होगा।

स्थानीय दरोगा प्लॉट स्थित पूज्य उदासीन समाधा आश्रम में शनिवार, २४ जनवरी को २२वां वार्षिक बाबा हरभजन साहिब का मेला महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर सुबह









के समय श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा (पाठ) आरंभ होगा। रात के समय संतों, ज्ञानी, गुणवान और सत्संग के साथ भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति होगी। रविवार, २५ जनवरी को सुबह ९ बजे आश्रम में आसादीवार का पाठ होगा। सुबह ११ बजे से सामूहिक जनेऊ संस्कार की विधि प्रारंभ होगी। लगातार २१ सालों से यह आयोजन किया जा रहा है। शाम ‍७ बजे से बाहर गांव से पधारे संतों का सत्संग तथा भक्तिमय संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सोमवार, २६ जनवरी को सुबह ८ बजे आसादीवार पाठ की समाप्ती होगी। सुबह ११ बजे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा (पाठ) की समाप्ती होगी। पश्चात भोग साहिब का पाठ होगा। पल्लव के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होगी। इस अवसर पर उपस्थित भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया है। २२वां वार्षिक बाबा हरभजन साहिब का मेला महोत्सव में हर दिन उपस्थित भक्तों के लिए प्रसादी का आयोजन होगा। पूज्य उदासीन समाधा आश्रम की ओर से रविवार, २५ जनवरी २०२६ को आयोजित सामूहिक जनेऊ संस्कार कार्यक्रम के लिए जो बालक अपना नाम दर्ज करवाना चाहते है, वे २० जनवरी २०२६ तक अपना नाम दर्ज कर सकते हैं।

इसके लिए वासुदेव बुधलानी ७५९७५६६६३१, नानक मूलचंदानी ९८२२७०६४५०, अनिल गिल्डा ९०७५४२७०००, संतोष कुकरेजा ८०७३३४३८८, संजय वत्रा ९८२३२४३८५१, रमेश खत्री ९८२३२६४०९४ तथा राजा किंगरानी ८९८३०२९००० से संपर्क कर सामूहिक जनेऊ संस्कार कार्यक्रम की अधिक जानकारी ले सकते हैं। इस मेला महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन में स्वास्थ्य जांच शिविर का भी निःशुल्क आयोजन होगा। जिसमें दंत, अस्थि, हृदय, नेत्रजांच, नैचरोपैथी जैसे स्वास्थ्य शिविरों का लाभ दिया जायेगा। इस मेला महोत्सव में हर साल की तरह इस वर्ष भी नागपुर, जलगांव, ऋषिकेश, भोपाल, इंदौर, दिल्ली, अहमदाबाद समेत अन्य जिले व राज्य के संत, महंत एवं भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेगी।

---

# सैनिक कल्याण विभाग में ३१ दिसंबर तक ऑनलाईन आवेदन करें

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड़**

**अमरावती, १८ दिसंबर -** महाराष्ट्र राज्य सैनिक कल्याण विभाग पुणा तथा उसके अधिपत्य विविध जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में क्लर्क, टायपिस्ट इन संवर्ग के कुल ७२ रिक्त पदों की भरती के लिये प्रक्रिया चलायी जा रही है। उम्मीद्वारो की ओर से ऑनलाईन तरीके से आवेदन मांगे गये है। भर्ती प्रक्रिया में महाराष्ट्र राज्य के अधिवास वाले पूर्व सैनिक तथा सरकारी निर्णय के मुताबिक युध्द के दौरान अथवा शांती के लिये सैनिकों की सेवा में कार्यरत रहने के दौरान शहिद हो चुके व दिव्यांगता के चलते नौकरी हेतु अयोग्य साबित हुये पूर्व सैनिकों के परिवार का एक वारिसदार पात्रता के मुताबिक आवेदन कर सकता है। कुल ७२ पदों में से ३ पद कम से कम ४० फिसदी दिव्यांग उम्मीद्वारो के लिये आरक्षित रखे गये है। दिव्यांग के प्रकार मुताबिक तथा गुणवत्ता के अनुसार यह चयन प्रक्रिया पूरी की जायेगी। संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया के लिये ऑनलाईन प्रणाली से आवेदन स्वीकारे जायेंगे। इच्छुक उम्मीदवार विभाग के अधिकृत संकेत स्थल पर बायोडाटा तथा रिक्रियुटमेंट टैब में जाकर ३१ दिसंबर तक अपना आवेदन पेश करना अनिवार्य है।

---

# सीपी व निगमायुक्त ने लिया वोटिंग केंद्र का जायजा

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड़**

**अमरावती, १८ दिसंबर -** आगामी चुनाव की गिनती प्रक्रिया शांतीपूर्ण तरीके से संपन्न हो इस निमित्य शहर पुलिस आयुक्त राकेश ओला व निगमायुक्त सौम्या शर्मा ने शहर के महत्वपूर्ण वोटिंग गिनती केंद्रों का विस्तारपूर्वक जायजा लिया। मनपा चुनाव की गिनती स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स तथा नया तहसील कार्यालय में की जायेगी। इस दौरान पुलिस आयुक्त तथा निगमायुक्त ने वोटो की गिनती के



लिये बनाये गये मुलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। वोटिंग केंद्र में प्रवेश तथा बाहर आने के लिये स्वतंत्र मार्ग, उम्मीद्वारो के प्रतिनिधी, अखबारो के प्रतिनिधी, उसी तरह चुनाव कर्मचारियों के लिये की गयी व्यवस्था की जांच की गयी। किसी भी प्रकार का कोई गडबडी ना हो इस हेतु सुरक्षा व्यवस्था की विशेष समीक्षा की गयी। पुलिस आयुक्त राकेश ओला ने वोटो की गिनती किये जाने वाले परिसर में तगडा पुलिस बंदोबस्त लगाये जाने की सुचना दी। सीसीटीवी कैमरा, मेटल डिटेक्टर, अतिरिक्त पुलिस बल, व तत्काल प्रतिसाद देने वाले पुलिस टीम की तैनाती करने के संदर्भ में पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिये। कानून व्यवस्था बनाये रखना प्रशासन की पहली जवाबदारी है। किसी भी अनुचित घटना को बर्दाश्त नही किया जायेगा। ऐसी चेतावनी भी पुलिस आयुक्त ने दी। निगमायुक्त सौम्या शर्मा ने वोटो की गिनती वाले केंद्रो पर मुलभूत सुविधा पर जोर दिया। बिजली आपूर्ती, पानी, स्वच्छता, अग्नीशमन दल, मेडिकल टीम, तथा आपातकालीन परिस्थती में तत्काल उपाय योजना करने की तैयारी करने के आदेश निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिये।

इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त शिल्पा नाईक, उपायुक्त योगेश पीठे, पुलिस अधिकारी व मनपा अधिकारी उपस्थित थे।

---

# ग्रामपंचायत कार्यालय पालवाडी

## पं.स.ता.तिवसा, जि .अमरावती

# निविदा सूचना

ग्रामपंचायत कार्यालय पालवाडी, पं.स. ता.तिवसा, जि. अमरावती यांचे मार्फत बी-१ निविदा अनु.जाती जमाती व नवबौद्ध घटकाच्या वस्तीच्या विकास या योजनेंतर्गत खालील कामाची मोहरबंद निविदा जि.प.बांधकाम विभाग यांच्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून मागविण्यात येत आहे. को-या निविदा ग्रामपंचायत कार्यालय पालवाडी, पं.स. ता. तिवसा, जि.अमरावती यांच्याकडून देण्यात येत आहे.

| अ . क्र. | कामाचे नाव | तालुका | योजनेचे नाव | अंदाजित किमत रुपये (लाख) | बयाना रक्कम (१%) | कामाची मुदत महिने | पंजिबद्ध कंत्राटदाराचे वर्गीकरण | को-या निविदेची किमत | को-या निविदा देण्याचे दिनांक व वेळ | भरलेल्या निविदा स्विकृतीची दिनांक व वेळ | निविदा उघडण्याचा दिनांक व वेळ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | पालवाडी येथे कॉंक्रीट रस्ता व नाली बांधकाम करणे | तिवसा | अनु.जाती जमाती व नवबौद्ध घटकाच्या वस्तीच्या विकास करणे | ४,००,००० | ४,००० | ६महिने | योग्य त्या वर्गातील | २०० | १८/१२/२०२५ ते २४/१२/२०२५ कार्यालयीन वेळेत | १८/१२/२०२५ ते २४/१२/२०२५ कार्यालयीन वेळेत | २५/१२/२०२५ कार्यालयीन वेळेत |

**अटी व शर्ती**

१. निविदेच्या अटी व शर्ती ग्रामपंचायत कार्यालय पालवाडी, पं.स.ता.तिवसा, जि.अमरावती यांच्या कार्यालयात कार्यालयीन वेळेत पहावयास मिळतील.
२. निविदा ह्या दोन लिफाफे पद्धतीने सादर करावयाच्या आहेत.
३. अपुर्ण भरलेली निविदा स्विकारल्या जाणार नाही.
४. निविदा स्विकारण्याचे तसेच काही कारणास्तव रद्द करण्याचे अधिकार सरपंच/सचिव ग्रामपंचायत कार्यालय पालवाडी यांनी राखून ठेवलेले आहेत.

**सही/अस्पष्ट**
**सरपंच/सचिव**
**ग्रामपंचायत कार्यालय पालवाडी**
**पं.स. ता. तिवसा, जि.अमरावती**

# पुलिस ने १० किमी पीछा कर चटनी गैंग के ४ सदस्यों को पकड़ा

## शादी में भिखारी बनकर करते थे चोरी

**बीड, १८ दिसंबर-** बीड जिले की पुलिस ने चोरी और लूट के मामलों में संलिप्त एक गिरोह के चार सदस्यों को १० किलोमीटर तक पीछा करके गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में पुलिस ने बताया कि मध्य प्रदेश से संबंध रखने वाले इस गिरोह के सदस्य बीड, अंबाजोगाई और गेवराई तहसीलों से अपना काम करते थे।

मध्य प्रदेश से जुड़े इस गिरोह के सदस्य महाराष्ट्र में सक्रिय थे। वे शादी समारोहों और बैंकों के पास ग्राहकों को निशाना बनाते थे। पुलिस ने इन्हें तब पकड़ा जब वे नंदुरबार में चोरी करने के बाद बीड में बैंक लूट में विफल रहे।

**चटनी फेंक कर देते थे वारदातों को अंजाम**

ये चोर चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए अनोखे तरीकों का इस्तेमाल करते थे। वे विवाह समारोहों में मेहमान या भिखारी बनकर शामिल होते थे और सोने के आभूषण चुरा लेते थे। पुलिस ने यह भी बताया कि कई मामलों में उन्होंने बैंक ग्राहकों को निशाना बनातेहुए उनसे नकदी छीन ली थी। वे पीड़ितों का ध्यान भटकाने के लिए उन पर टमाटर की चटनी फेंक देते थे, और फिर नकदी व कीमती सामान लेकर फरार हो जाते थे।

असफल लूट के बाद शुरु हुआ पीछा

पुलिस के अनुसार, १२ दिसंबर को इन चार आरोपियों ने बीड के काइज में लूट की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह योजना सफल नहीं हो पाई। पुलिस की जांच में यह पता चला कि यह गिरोह नंदुरबार जिले में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चुराए गए पैसे लेकर बीड पहुंचा था। इसके बाद उन्होंने काइज में एक बैंक में लूट की कोशिश की, जो विफल रही।

लूट का प्रयास विफल होने के बाद,




ये चारों आरोपी दो अवैध पंजीकरण वाली मोटरसाइकिलों पर बैठकर बीड शहर की ओर तेजी से रवाना हुए। बीड शहर में स्थानीय अपराध शाखा की टीम को उन पर संदेह हुआ। संदेह होते ही टीम ने तुरंत उनका पीछा करना शुरु कर दिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भाग रहे इन आरोपियों का १० किलोमीटर तक पीछा किया गया। पीछा करने के दौरान दो आरोपी मौके पर ही पकड़े गए। वहीं, बाकी दो आरोपियों को काइज से लगभग १० किलोमीटर दूर मसाजोग नामक स्थान पर पुलिस ने स्थानीय निवासियों की मदद से पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराई गई दो मोटरसाइकिलें और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों की पहचान बादल कृष्ण सिसोदिया (२४), काला उर्फ हतिक महेश सिसोदिया (२९), दीपक दिलीप सिसोदिया (२९) और जसवंत मनिलाल सिसोदिया (२७) के रुप में हुई है। ये सभी आरोपी मध्य प्रदेश के राजगढ जिले के गुलखेड़ी गांव के निवासी हैं।

# बालभारती ने नागपुर के प्रिंटिंग प्रेस पर मारा छापा

## पाठ्यपुस्तकों की हो रही थी अवैध छपाई

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**नागपुर, १८ दिसंबर-** महाराष्ट्र राज्य बोर्ड के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार करने वाली बालभारती ने बुधवार को नागपुर में बड़ी कार्रवाई की है। अवैध छपाई की सूचना पर हिंगना एमआईडीसी स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस पर छापा मारा गया, जहां हजारों की संख्या में अनधिकृत पुस्तकें जब्त की गईं।



महाराष्ट्र सरकार के राज्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार करने और प्रकाशितकरने वाली संस्था बालभारती के अधिकारियों ने बुधवार को नागपुर में यह बड़ी कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने एक प्रिंटिंग प्रेस पर छापा मारा, जहां से अवैध रुप से छापी गई हजारों पाठ्यपुस्तकें बरामद हुईं। यह कार्रवाई हिंगना एमआईडीसी क्षेत्र के दिगदोह स्थित प्रतिभा प्रिंटिंग प्रेस में की गई। बालभारती के उत्पादन अधिकारी राजेश पोटदुखे ने पत्रकारों को इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमें प्रतिभा प्रिंटिंग प्रेस में अवैध रुप से किताबें छापने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर बालभारती के अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि प्रेस में किताबें अवैध रुप से छापी जाती मिलीं। यह पुष्टि हो गई कि राज्य बोर्ड की पुस्तकों का अनधिकृत मुद्रण किया जा रहा था, जो कि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। हालांकि, मौके पर मौजूद अधिकारियों ने जब्त की गई पुस्तकों की संख्या के संबंध में अलगअलग अनुमान दिए हैं। उत्पादन अधिकारी राजेश पोटदुखेने शुरुआती तौर पर बताया कि वहां बालभारती की १०,००० से २०,००० अवैध रुप से मुद्रित पुस्तकें मिलीं। दूसरी ओर, नागपुर में बालभारती के बिक्री स्टोर प्रबंधक दिलीप विटकर ने बरामद पुस्तकों की संख्या का अधिक अनुमान लगाया है। उनके अनुसार, अवैध रुप से छापी गई इन पुस्तकों की संख्या २०,००० से ३०,००० के बीच हो सकती है।

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले की जांच जारी है। दिलीप विटकर ने कहा कि अवैध मुद्रण के इस गंभीर मामले के संबंध में शिकायत दर्ज कराई जा रही है। इस कार्रवाई से उन तत्वों पर लगाम लगने की उम्मीद है जो राज्य बोर्ड की पाठ्यपुस्तकों की कालाबाजारी और अवैध छपाई में शामिल हैं।



## बांद्रावर्ली सी लिंक का वीडियो सामने आने पर हुई एफआयआर

# २५२ किमी की स्पीड से कौन दौड़ा रहा था लैम्बॉर्गिनी?

**मुंबई, १८ दिसंबर-** बाद में ये लेम्बोर्गिनी सूरत में मिली, जो अहमदाबाद निवासी नीरव पटेल की थी। सूत्रों के अनुसार, कार डीलर फैज़ अदेनवाला ने इसकी अधिकतम गति दिखाने के लिए गाड़ी चलाई थी। दस्तावेजों की जांच चल रही है और आगे की जानकारी का इंतजार है। इस कार्रवाई के जरिए मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि मुंबई की सडक़ों पर इस तरह के स्टंट बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। दोषियों पर न सिर्फ जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि वाहन भी जब्त किए जा सकते हैं। यह घटना १२ दिसंबर की बताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, वायरल वीडियो कार के अंदर से शूट किया गया था, जिसमें साफ तौर पर स्पीडोमीटर २५२ किमी प्रति घंटे की रफ्तार दिखा रहा है। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि कार बांद्रावर्ली सी लिंक के दक्षिणी छोर की ओर जा रही थी और रास्ते में अन्य वाहनों को तेज गति से ओवरटेक कर रही थी। इस तरह की लापरवाही न सिर्फ चालक की जान के लिए खतरा है, बल्कि सडक़ पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर जोखिम पैदा करती है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच में पाया गया कि यही कार इससे पहले भी कई बार स्पीड लिमिट का उल्लंघन कर चुकी थी। पुलिस के अनुसार, इस वाहन के खिलाफ पहले भी कई चालान जारी किए जा चुके थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि चालक द्वारा बारबार यातायात नियमों की अनदेखी की जा रही थी। बांद्रावर्ली सी लिंक पर कारों के लिए अधिकतम गति सीमा ८० किलोमीटर प्रति घंटे निर्धारित है। ऐसे में २५२ किमी प्रतिघंटा की रफ्तार न केवल कानून का खुला उल्लंघन है, बल्कि यह सार्वजनिक सडक़ पर बेहद खतरनाक ड्राइविंग का उदाहरण भी है।

# माझी लाडकी बहीण योजना बंद होगी या जारी रहेगी? खुद सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया

**मुंबई, १८ दिसंबर-** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में विभिन्न जनसभाओं में महिलाओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि माझी लाडकी बहीण योजना बंद नहीं होगी। उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया है कि यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जारी रहेगी। वह अंबरनाथ में आयोजित एक पब्लिक मीटिंग में बोल रहे थे। फडणवीस ने कहा जब तक देवभाऊ हैं, यह योजना बंद नहीं होगी। हम ट्रांसपेरेंट गवर्नेंस लाना चाहते हैं। हम किसी भी गुंडे को




इकट्ठा नहीं होने देंगे। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि हम चुनाव आने पर बात करने वाले लोग नहीं हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा,ध हम अंबरनाथकरों के लिए १५ कोच वाली लोकल ट्रेनें शुरू करेंगे। १० से १५ मिनट में लोकल सर्विस मिल जाएगी। अंबरनाथ बदलापुर को लोकल सफर की आदत हो गई है। मैंने भी लोकल में सफर किया है, अब मुझे इसकी आदत नहीं है। उन्होंने कहा, देवभाऊ जो बोलते हैं, वो करते हैं और जो नहीं बोलते, वो ज़रूर करते हैं। कई सालों से डैम ऐसे ही हैं। शहर पर किसी ने ज़ादा ध्यान नहीं दिया। जब से मैं मुख्यमंत्री बना हूं, मैंने सिंचाई की। मैंने दो डैम की मांग की है। मैंने षषइघछ से कहा है कि दोनों डैम का काम पूरा हो जाएगा और तीन साल में डैम का पानी पीने के लिए मिलेगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हम चुनाव आने पर बात करने वाले लोग नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इलाके में विकास के काम किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लडकी बहिण योजना बंद नहीं होगी। इस बीच आज मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अंबरनाथ में मीटिंग थी। मीटिंग से कुछ घंटे पहले ही पुलिस ने मीटिंग की जगह पर कड़ी सुरक्षा कर दी थी क्योंकि बीजेपी उम्मीदवार के ऑफिस पर फायरिंग की घटना हुई थी। इसके बाद देवेंद्र फडणवीस मीटिंग के लिए अंबरनाथ आए थे। इस मौके पर देवेंद्र फडणवीस ने कई टॉपिक पर कमेंट किए। इस मौके पर उन्होंने लडकी बहिण योजना के बारे में जरूरी जानकारी दी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया है कि जब तक देवभाऊहैं, लडक़ी बहिण योजना बंद नहीं होगी।

# रिपोर्ट बनाने के लिए अधिकारी ने मांगे ६ लाख रूपए

## एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा

**मुंबई, १८ दिसंबर-** महाराष्ट्र के नवी मुंबई से एक चौंका देने वाली घटना की खबर सामने आई है, यहां छह लाख की रिश्वत लेते हुए सिडको के अधिकारी को रंगेहाथ पकड़े जाने की घटना हुई है। भूखंड की मोजनी के बाद मोजनी की रिपोर्ट देने के लिए छह लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार की गई थी। इस मामले में सिडको के भूमिलेख उपअधीक्षक दिलीप बागुले सहित दो लोगों को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने रंगेहाथ पकड़ा है। इस बीच, मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने शिकायतकर्ताओं से ९ लाख रुपये की मांग की थी। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की इस कार्रवाई से सिडको के हलकों में खलबली मच गई है और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। नैना क्षेत्र में स्थित एक भूखंड की मोजनी के लिए शिकायतकर्ताओं ने सिडको में आवेदन किया था। उसके बाद उपअधीक्षक दिलीप बागुले और उनके सहयोगी कलीमुद्दीन शेख ने मोजनी की रिपोर्ट देने में देरी की थी। इस रिपोर्ट के लिए उन्होंने शिकायतकर्ताओं से नौ लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन काफी देर की बातचीत के बाद यह सौदा छह लाख रुपये में तय हुआ था। इसके बाद छह लाख की रिश्वत लेते हुए सिडको के अधिकारी को रंगेहाथ पकड़ा गया है। इस घटना से सिडको के कार्यालय में बुरी तरह हंडकंप मच गया है। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है और साथ इसकी आगे की जांच की जा रही है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में एआई तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जाए

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मांग

**मुंबई, १८ दिसंबर-** राज्य की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सशक्त, तेज़ और जनोन्मुख बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जाए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए।

वर्षा शासकीय निवास पर आयोजित सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में समग्र संस्था की ओर से सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि आधुनिक तकनीक के उचित उपयोग से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि होगी, उपचार अधिक सटीक और समय पर मिल सकेगा तथा ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के नागरिकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावी रुप से पहुंचाई जा सकेंगी। आज के डिजिटल युग में स्वास्थ्य व्यवस्था का डिजिटलीकरण और एआई आधारित समाधान अत्यंत आवश्यक हैं, यह उन्होंने स्पष्ट किया। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों की स्टार रेटिंग, स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा रिपोर्ट, स्वास्थ्य हेल्पलाइन, स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण तथा सेवा गुणवत्ता की नियमित समीक्षा जैसे उपक्रमों का उल्लेख किया। इन पहलों से नागरिकों का स्वास्थ्य सेवाओं पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा, ऐसा मुख्यमंत्री ने कहा। बैठक के दौरान आपले गाव, आरोग्य संपन्न गांव योजना, पॉलिएटिव केयर, सिकलसेल रोग के उपचार, चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया को सरल बनाने, चिकित्सा अधिकारियों के मानधन में वृद्धि तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों को शीघ्र नियमित करने जैसी मांगें रखी गईं। इसके साथ ही आयुष निदेशक, प्रशिक्षण निदेशक तथा नर्सिंग क्षेत्र में नए पद सृजित करने की आवश्यकता भी अधिकारियों द्वारा व्यक्त की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मानव संसाधन, बुनियादी ढांचा और तकनीक के समन्वय से दीर्घकालिक सुधारों पर सरकार का विशेष ध्यान रहेगा। इस बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के सचिव डॉ. निपुण विनायक, सचिव ई. रविंद्रन, चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव धीरज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्रीकर परदेशी, स्वास्थ्य सेवा आयुक्त डॉ. कादंबरी बलकवडे, स्वास्थ्य संचालक डॉ. नितिन अंबाडेकर, समग्र संस्था के प्रतिनिधि गौरव गोयल तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बीएमसी चुनाव के बीच महायुति में तकरार, बीजेपी से नाराज एकनाथ शिंदे?

## सीट बंटवारे पर असहमति

**मुंबई, १८ दिसंबर-** बीएमसी चुनाव को लेकर महायुति के भीतर सीट बंटवारे पर तनाव खुलकर सामने आ गया है। बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच हुई पहली बैठक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। दोनों दल अपनीअपनी शर्तों पर अड़े हुए हैं, जिससे गठबंधन की एकजुटता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मुंबई महानगरपालिका में कुल २२७ वार्ड हैं। शिवसेना (शिंदे) का कहना है कि वह कम से कम १२५ सीटों पर चुनाव लडऩा चाहती है, जबकि बीजेपी ने केवल ५२ सीटों का प्रस्ताव दिया है। यह ऑफर शिवसेना की उम्मीद से आधे से भी कम है। इसी बात पर शिवसेना



नेताओं ने कड़ा ऐतराज जताया और पहली बैठक बीच में ही खत्म हो गई। विवाद की बड़ी वजह यह है कि बीजेपी उन वार्डों पर भी दावा ठोक रही है, जहां शिवसेना के मौजूदा पार्षद हैं। बीजेपी का तर्क है कि पिछली बार इन सीटों पर वह दूसरे नंबर पर रही थी, इसलिए इस बार उसे मौका मिलना चाहिए। शिवसेना इसे अपने संगठन और जमीनी कार्यकर्ताओं का अपमान मान रही है दादरमाहिम, वर्ली और चेंबूर जैसे मराठी बहुल इलाकों में शिवसेना को बहुत कम सीटें दिए जाने से नाराजगी और बढ़ गई है। शिवसेना नेताओं का कहना है कि ये इलाके पार्टी की पारंपरिक ताकत रहे हैं, ऐसे में यहां कम सीटें देना स्वीकार नहीं किया जा सकता। वहीं ८ विधानसभा क्षेत्रों में बीजेपी ने एक भी सीट छोडऩे से साफ इनकार कर दिया है। इसे लेकर शिवसेना खेमे में खासा गुस्सा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि अगर ऐसे ही चलता रहा तो समझौता मुश्किल हो जाएगा। मामला बिगड़ता देख डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद शिंदे ने आक्रामक रुख अपनाने का फैसला किया है। आज एकनाथ शिंदे खुद गोरेगांवदहिसर इलाके में शिवसेना शाखाओं का दौरा कर रहे हैं। वहीं, कल बांद्रा के रंगशार्दा हॉल में शिंदे सेना ने २२७ वार्डों के इच्छुक उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया है। इसे शिवसेना की ताकत दिखाने की तैयारी माना जा रहा है। हालांकि तनाव के बीच आज वसंत स्मृति बीजेपी कार्यालय में दूसरे दौर की बैठक होने जा रही है। शिवसेना को उम्मीद है कि इस बार कोई सम्मानजनक समझौता निकल आएगा।

# कांग्रेस को झटका, प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रज्ञा सातव बीजेपी में होंगी शामिल

**मुंबई, १८ दिसंबर-** महाराष्ट्र के दिवंगत कांग्रेस नेता राजीव सातव की पत्नी और विधायक डा. प्रज्ञा सातव के बीजेपी में शामिल होने जा रही हैं। प्रज्ञा सातव गुरुवार को आधिकारिक रूप से बीजेपी में प्रवेश करेंगी। पिछले कुछ दिनों से पार्टी के भीतर गुटबाजी से परेशान होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है। ऐसी चर्चा राजनीतिक गलियारों में चल रही है। दिवंगत राजीव सातव के निधन के बाद कांग्रेस ने प्रज्ञा सातव को विधान परिषद में नामित किया था। राजीव सातव लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बेहद करीबी माने जाते थे। लेकिन कोरोना महामारी के दौरान २०२१ में असमय निधन के कारण उनका राजनीतिक सफर अधूरा रह गया। इस घटनाक्रम के चलते यह चर्चा तेज हो गई है कि बीजेपी ने कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका दिया है। हिंगोली की राजनीति में कभी बड़ा नाम रहे दिवंगत सांसद राजीव सातव का नाम सुनते ही विरोधियों की आवाज दब जाती थी। मधुर वाणी, मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं के साथ मजबूती से खड़े रहने वाले नेतृत्व के बल पर राजीव सातव ने हिंगोली को कांग्रेस का अभेद्य गढ़ बना दिया था। लेकिन कोविड महामारी ने उन्हें छीन लिया और उसके बाद पार्टी की स्थिति कमजोर होती चली गई।



डॉ.प्रज्ञा सातव दिवंगत कांग्रेस नेता राजीव सातव की पत्नी हैं। राजीव सातव साल २०१४ से २०१९ तक हिंगोली लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे। गांधी परिवार के बेहद करीबी माने जाने वाले राजीव सातव का २०२१ में बीमारी के कारण निधन हो गया था। प्रज्ञा सातव महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष हैं। वर्तमान में विधान परिषद की सदस्य (एमएलसी) हैं। कांग्रेस नेता शरद रणपीसे के निधन से खाली हुई सीट पर वर्ष २०२१ में वे निर्विरोध विधान परिषद सदस्य चुनी गई थीं। इसके बाद २०२४ के चुनाव में वे कांग्रेस की ओर से दूसरी बार विधान परिषद में निर्वाचित हुईं। उनका कार्यकाल २०३० तक है। राजीव सातव राहुल गांधी के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में गिने जाते थे। २०१४ की मोदी लहर में महाराष्ट्र से कांग्रेस के केवल दो सांसद चुने गए थे, जिनमें राजीव सातव भी शामिल थे। इसके चलते वे राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आए। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, विधायक, लोकसभा सांसद और राज्यसभा सांसद के रुप में काम किया। साथ ही उन्होंने युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, गुजरात के प्रभारी और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य जैसे अहम पद भी संभाले। प्रज्ञा सातव की नाराजगी की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता और विधान परिषद सदस्य सतेज पाटील ने कहा, कांग्रेस ने प्रज्ञा सातव को विधायक बनाया है। मुझे नहीं लगता कि वे ऐसा कोई कदम उठाएंगी। यह खबर निराधार है। पार्टी के रुप में हम उनके संपर्क में हैं। वे ऐसा कोई निर्णय लेंगी, ऐसा मुझे व्यक्तिगत रुप से नहीं लगता।

# चुनाव से पहले बीजेपी नेता के दफ्तर पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**मुंबई, १८ दिसंबर-** महाराष्ट्र में नगर पालिका चुनाव से ठीक दो दिन पहले अंबरनाथ में उस वक्त सनसनी फैल गई जब भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार पवन वालेकर के चुनावी कार्यालय पर अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना ने न सिर्फ इलाके में दहशत पैदा कर दी, बल्कि चुनावी माहौल को भी पूरी तरह गरमा दिया है। यह वारदात बुधवार देर रात करीब १ बजे अंबरनाथ पश्चिम के नवीन भेंडी पाड़ा इलाके में हुई। उस समय पवन वालेकर अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात आरोपी वहां पहुंचे और कार्यालय की ओर चार राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग की गोलियां सीधे कार्यालय के कांच में जा लगीं, जिससे अफरातफरी मच गई। इस हमले में कार्यालय में तैनात एक सुरक्षाकर्मी की उंगली में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। राहत की बात यह रही कि पवन वालेकर और अन्य कार्यकर्ता सुरक्षित हैं। फायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पूरी घटना कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। घटना की जानकारी देते हुए डीसीपी सचिन गोरे ने बताया कि शुरुआती जांच में दो अज्ञात आरोपियों द्वारा फायरिंग किए जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीन अलगअलग जांच टीमें गठित की हैं, जबकि क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम भी समानांतर जांच कर रही है। डीसीपी गोरे के अनुसार, आरोपियों की पहचान, उनके भागने के रास्तों और घटना के पीछे के मकसद की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा। इस बीच, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रस्तावित सभा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत ८०० पुलिसकर्मी, ४०० होमगार्ड और ११० वरिष्ठ अधिकारी तैनात किए गए हैं। शहरभर में नाकाबंदी, लगातार गश्त और सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



# राजवीर संगठन के बैनर तले मनपा चुनाव लडने वाले इच्छुकों की सूची घोषित

## फरीद खान, मोबीन खान, मोहम्मद जावेद के अलावा उतरेगा पूरा पैनल

### जोग स्टेडियम चपरासीपुरा से रहमत खान लडेंगे चुनाव

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**अमरावती, १८ दिसंबर-** राजवीर जनहित संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रहमत खान उर्फ रम्मू पत्रकार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आगामी महानगरपालिका का चुनाव विविध प्रभागो से लडने वाले इच्छुक उम्मीदवारों की जैसा बोले वैसा चले की तर्ज पर रहमत खान उर्फ रम्मू पत्रकार घोषणा कर दी है। जिसमें प्रभाग क्रमांक ८ जोग स्टेडियम चपरासीपुरा से फरीद खान के अलावा मोबीन खान, रहमत खान उर्फ रम्मू पत्रकार मोहम्मद जावेद मोहम्मद जाकिर मोहम्मद रहीम सर्वसाधारण (ड) सीट से इन चारों में से एक सीट पर उम्मीदवारी घोषित की जाएगी। इस तरह मीनाक्षी वानखेडे, इंद सुरेश काकडे, पूनम माधवराव चोरपगार, आशा मोहन बडगुजर अनुसूचित जाति के लिए इच्छुक थे। वैशाली नंदकिशोर मोलके जिसमें से मीनाक्षी वानखेडे की उम्मीदवारी अनुसूचित जाति के लिए घोषित की गई। वहीं अनुसूचित जनजाति के लिए सदानंद उईके, राहुल मरसकोले यह इच्छुक उम्मीदवारों के नाम सामने आए थे। जिसमें सदानंद उईके की उम्मीदवारी घोषित की गई। वही ओबीसी के



लिए शरीफ मोहम्मद याकूब, गजाला परवीन, शहजाद खान उनके नाम उम्मीदवारी के लिए आए थे जिसमें से गजाला परवीन का नाम ओबीसी के लिए घोषित किया गया है।

इस तरह प्रभाग क्रमांक ४ लालखड़ी जमील कॉलोनी परिसर से रेशमा बानो, मुमताज अहमद, फोजिया परवीन, असलम अहमद ओबीसी, निसार अहमद, अब्दुल अकबर, अब्दुल अज़ीज़, अब्दुल करीम, मोहम्मद यासीन, शेख इलियास, शाहिद बानो, मुकद्दर पठान की उम्मीदवारी को घोषित किया गया है। यह उम्मीदवार प्रभाग क्रमांक ४ लालखड़ी जमील कॉलोनी से चुनाव लड़ेगे।

इस तरह प्रभाग क्रमांक १५ पठानपुरा छाया नगर से शाहजिया परवीन नौशाद खान, शाहदाज हुसैन गुलाम हुसैन, नसरीन परवीन शेख अमीनुद्दीन, शेख




रफीक, मोहम्मद आमिर, असद अली, मुमताज अली की उम्मीदवारी को घोषित किया गया है। इस तरह प्रभाग क्रमांक १६ अलीम नगर रहमत नगर प्रभाग से शेख आरिफ शेख मूसा, तरन्नुम परवीन अब्दुल मुमताज, नौशाद खान मोहम्मद खान, जमील अहमद फारुक अहमद की उम्मीदवारी घोषित की गई है। इसी तरह प्रभाग क्रमांक २ से राजवीर संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रहमत खान उर्फ रम्मू पत्रकार बिलकिस बानो दिलावर खान, इंदिरा प्रमोद सरोदे, शालिनी तै, मोहन चांदले की उम्मीदवारी घोषित की गई है। इसके अलावा प्रभाग क्रमांक २१ बडनेरा से रुबीना बानो शेख इदरीस, जावेद खान सलीम खान पठान, शाहीन परवीन नफीस खान की उम्मीदवारी घोषित कर राजवीर जनहित संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रहमत खान उर्फ रम्मू पत्रकार के अलावा चयन कमेटी ने हरी झंडी दी है। बताया जाता है कि आगामी महानगर पालिका चुनाव में राजवीर संगठन विविध प्रभागो में भी समीकरण बदल सकता है। कारण कि मुस्लिम बहुल पश्चिम परिसर में राजवीर संगठन का अच्छा खासा वोट बैंक मजबूती से तैयार है। कयास लगाया जाता है कि राजवीर संगठन के समर्थन के बिना मनपा चुनाव लडने वाले विविध प्रभागों के उम्मीदवारों को राजवीर संगठन के १००० से १२०० वोट के अंतराल से पराजित भी होना पड़ सकता है। करण की प्रत्येक प्रभाग में राजवीर संगठन का वोट बैंक मजबूती से तैयार है। जिसका उदाहरण विगत विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिला है। याद दिला दे कि विधानसभा उम्मीदवार को चुनाव जितवाने के लिए राजवीर संगठन के वोट बैंक की निर्णायक भूमिका रही है। इस तरह मनपा चुनाव में भी राजवीर संगठन गेम चेंजर समीकरण बदलने वाली भूमिका अदा कर सकता है। यह भी चर्चा मुस्लिम बहुल पश्चिम परिसर के अलावा पूर्व परिसर की जनता में जोर पकड़ रही है। मुस्लिम बहुल पश्चिम परिसर के प्रभाग क्रमांक ४ जमील कॉलोनी लालखड़ी परिसर में राजवीर संगठन का वोट बैंक भी काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। बताया जाता है कि राजवीर संगठन के बैनर तले चुनाव लडने वाले संभावित उम्मीदवारों ने प्रभाग क्रमांक ८ चपरासीपुरा जोग स्टेडियम में डोर टू डोर अपना अपना प्रचार शुरु भी कर दिया है। जिसमें इन उम्मीदवारों को नागरिकों से अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है।

# ५० हजार से अधिक शवों को श्रध्दांजलि

### हिंदु श्मशान भूमि के एकनाथ इंगळे की अविरत सेवा

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड़**

**अमरावती, १८ दिसंबर -** अंबा नगरी अमरावती ही नही बल्कि समुचे विदर्भ में प्रख्यात स्थानिय हिंदु श्मशान भूमी अपने आप में काफी मायने रखती है। हिंदु श्मशान भूमि में शवों के अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले नागरिकों के लिये यहां की






सुविधाएं यादगार रहती है। जहां हर सामान्य स्वच्छता कर्मचारी परिसर की साफसफाई का पूरा ध्यान रखते है। यही नही अंतिम संस्कार में आने वाले नागरिकों के लिये बैठक व्यवस्था ,स्वच्छ जलापूर्ती, अग्नीदाह के लिये लकडी की व्यवस्था, सुसज्ज दशक्रिया हॉल के अलाव अस्थी विसर्जन की विशेष व्यवस्था स्थानिय हिंदु श्मशान में है। यही नही यहां जरुरतमंदो के अंतिम संस्कार हेतु गैस दाहिनी भी है। जिसमें कोरोना काल के दौरान सैंकडो शवों का दहन किया गया। परंतु इन सबसे हटकर यहां एक विशेष बात है जो हर अंतिम संस्कार के दौरान श्रध्दांजली अर्पित करना। और यह कार्य पिछले कई वर्षो से हिंदु श्मशान संस्था के प्रबंधक एकनाथ इंगळे कर रहे है। उनसे की गयी बातचीत में एकनाथ इंगळे ने कहां कि जब से हिंदु श्मशान संस्था इस जगह पर प्रारंभ हुई थी, वे तभी से यहां प्रबंधक के तौर पर कार्यरत है।

### सभी सुविधाएं उपलब्ध

स्थानिय हिंदु श्मशान संस्था में शहर भर से शवों के अंतिम संस्कार हेतु लाया जाता है। यहां शवों को लाने के लिये शववाहिनी ही नही है बल्कि यह कहां जा सकता है कि शव लाये बाकी सारी व्यवस्था संस्था करती है। शवों के अंतिम संस्कार के दौरान पुष्पचक्र अर्पण करने की भी हिंदु श्मशान में जो परंपरा है संभवत: वह और किसी श्मशान में नही है। पिछले कुछ समय से पर्यावरण संरक्षण के उददेश्य से मृतकों के परिजनों को एक पौधा भी स्मृती प्रित्यर्थ दिया जा रहा है। एकनाथ इंगळे द्वारा श्रध्दांजली प्रारंभ करते ही हिंदु श्मशान में उपस्थित मृतक के परिजन खडे होकर श्रध्दांजली अर्पित करते है। अपनी आवाज के लिये पहचाने जाने वाले एकनाथ इंगळे हरदम प्रसिध्दी से दूर रहे है।

### विवाह के पहले से कार्यरत

एकनाथ इंगळे ने बताया कि विवाह के पहले से वे हिंदु श्मशान संस्था में प्रबंधक के तौर पर कार्यरत है। उनके मुताबिक अब तक लगभग ५० हजार शवों को उन्होंने श्रध्दांजली अर्पित की है। बता दे कि एड. आर.बी. अटल के कर्मठ मार्गदर्शन में हिंदु श्मशान संस्था अभूतपूर्व रुप से कार्यरत है।

### हुआ सत्कार

वर्ष २०२२ में अमरावती के छप्पन स्वभाव नामक किताब के प्रकाशन समारोह में एकनाथ इंगळे के कार्यो की दखल लेते हुये उनका सत्कार किया गया। जहां उन्होंने उपस्थितों की विनंती पर अपने अंदाज में श्रध्दांजली का नमुना पेशा किया था।

# आप ने घोषित किये १० प्रत्याशी

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**अमरावती, १८ दिसंबर-** आम आदमी पार्टी शहर में पिछले १० सालो से सक्रिय है। आगामी महापालिका चुनाव के लिए १० प्रत्याशीओ की सूची घोषित कर मतदाता को विकल्प दिया है। प्रेसवार्ता के माध्यम से शहर प्रमुख महेश देशमुख, जिला अध्यक्ष सुभाष गोहत्रे व प्रदेश उपाध्यक्ष वसंत ढोके ने संयुक्त रूप से प्रत्याशी घोषित किये। आम आदमी पार्टी की ओर से संदिप मेश्राम, प्रा.सतिश दुबे, अमृता गौर, आदेश लोणारे, राहुल उघडे, राजेंद्र वानखडे,




किशोर वानखडे, मंगेश अर्डक, एड.किरण राजाने, अमोल बोकचे, तेजस गोतकर चुनाव लडेंगे। शहर की स्थानिय समस्या, हॉकर्स की स्थिती को लेकर विविध मुद्दे चुनाव दौरान मतदाताओ के रखे जायेगे।

### मतदाताओ को बेहतरीन विकल्प

स्वच्छ अमरावती शहर का मनोदय नेताओ ने व्यक्त किया। सार्वजनिक स्वास्थ क्षेत्र में दिल्ली व पंजाब मॉडल पर आधारित अत्याधुनिक सुविधा निर्माण कर शहर विकास का नियोजन प्रेसवार्ता में बताया।

# बालविवाह मुक्त अमरावती संकल्प अभियान

**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड**

**अमरावती, १८ दिसंबर-** महिला व बालविकास विकास अंतर्गत बालविवाह मुक्त महाराष्ट्र अपना संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृखंला में जिलाधीश आशिष येरेकर में बालविवाह मुक्त अमरावती संकल्प अभियान का ऐलान किया है। प्रेसवार्ता के माध्यम से उन्होने बताया की बालविवाह की सुचना टोल फ्री नंबर १०९८ पर देकर बालविवाह रोकने में नागरीक सहयोग प्रदान करे। एक सक्षम एवम शिक्षीत समाज का



निर्माण करने में योगदान दे।

जिले में प्रशासन द्वारा बालविवाह प्रतिबंध अधिनियम २००६ चलाया जा रहा है। जिले की सभी स्कुल व सरकारी कार्यालय में बालविवाह प्रतिबंध प्रतिज्ञा का पठन किया गया है। अक्षय तृतीया व तुलसी विवाह दौरान बालविवाह न हो इसकी खबरदारी ली जा रही है। बाल संरक्षण समिती को किशोर उम्र की लडकीयो- लडको की जानकारी संकलित करने की जिम्मेदारी दी गई है। बालविवाह के दुष्परिणाम के प्रति जनजागृती की जा रही है। बालविवाह मुक्त अमरावती अभियान चलाने के लिए समिती का गठन व टास्कफोर्स गठीत की है। समिती की हर माह के ४ सप्ताह में बैठक ली जायेगी। इस समिती में जिलाधीश, जिप सीईओ, मनपा आयुक्त, सीएस, जिप डिप्टी सीईओ, समाज कल्याण सहायक आयुक्त, जिलास्वास्थ अधिकारी, शिक्षण अधिकारी, जिला सुचना अधिकारी, दामिनी पथक की पीएसआय, जिला क्रिडा अधिकारी, चाईल्ड लाईन के समन्वयक का समावेश किया गया। इस अभियान में शिक्षा विभाग, पंचायत राज, महिला व बालविकास विभाग, आदिवासी विभाग की जिम्मेदारी निश्चित की गई। प्रेसवार्ता में जिप सीईओ संजिता मोहपात्रा को सौपी।

### २०३० का लक्ष्य

३१ दिसंबर २०३० तक संपूर्ण महाराष्ट्र बालविवाह मुक्त करने का लक्ष रखा गया है। स्कुल में उपस्थित सभी लडकी की सुची मुख्याध्यापक के पास रहना जरूरी है। स्कुल छोडने वाली लडकीयो का सर्वेक्षण व ट्रैकींग जरूरी है। छात्रावस्था में वह माता न बने इसके लिए ध्यान दे। लडकीयो की हाजरी बढाने के लिए हर माह उन्हे भत्ता बढाकर देने का प्रावधान दिया गया है। बालविवाह न हो इसके लिए समाज के हर घटक को योगदान देने का आवाहन जिलाधीश ने दिया।

# दुपहिया चोरी का कुख्यात गिरफ्तार



**प्रतिनिधि, विदर्भ की दहाड़**

**अमरावती, १८ दिसंबर -** जिले के अंजनगांव सुर्जी थाने में १७ दिसंबर को अभिजीत भुसकर माळीपुरा निवासी ने शिकायत दर्ज करायी थी, जिसमें कहां गया था कि १५ दिसंबर को उनकी दुपहिया क्रमांक एमएच-२७ डीपी, २१५२ खेत के पगडड़ी पर खडी की थी। जहां से अज्ञात ने उसे चोरी किया है। चोरी गये दुपहिया की कीमत ७० हजार रुपये बतायी गयी थी।अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अंजनगांव सुर्जी पुलिस के अलावा एलसीबी की टीम भी मामले की जांच कर रही थी। इस बीच एलसीबी की टीम के पीएसआय नितिन इंगोले अपनी टीम के साथ पेट्रोलिंग करने के दौरान यह जानकारी उन्हें मिली थी कि दुपहिया चोरी करण अर्जुन इंगळे (खोडगांव) निवासी ने की है। जो चोरी की दुपहिया लेकर अंजनगांव रोड पर खडा है। इस जानकारी के आधार पर एलसीबी की टीम ने उसे गिरफ्तार कर चोरी की कुल ३ मोटर सायकले जब्त की। जब्त माल की कीमत १ लाख २० हजार रुपये बतायी गयी है।

### एलसीबी की कार्रवाई

उपरोक्त कार्रवाई पुलिस अधिक्षक विशाल आनंद, अपर अधिक्षक पंकज कुमावत के मार्गदर्शन में एलसीबी निरीक्षक किरण वानखडे के नेतृत्व में पीएसआय नितिन इंगोले, कर्मी सुनिल महात्मे, सैयद अजमद, स्वप्निल तंवर, निलेश डांगोरे, चेतन दुबे, हर्षद घूसे, मनोज धवसे, सागर धापड, अश्विन मानकर, रितेश गोसावी ने की।

# सिराज खान ने हाथ में बांधी घडी



### राकांपा अल्पसंख्याक शहर अध्यक्ष पद पर नियुक्ति

**अमरावती, १८ दिसंबर-** कांग्रेस में दबंग नेता के रूप में मशहूर सिराज खान हयात खान ने गुरूवार को राकांपा जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर राकांपा अजित पवार गुट में प्रवेश किया। विधायक संजय खोडके ने उनका स्वागत कर राकांपा अल्पसंख्याक शहर अध्यक्ष पद पर नियुक्ती की गई। सिराज खान के साथ उनके पुत्र सरताज खान व सैकडो समर्थको ने राकांपा में प्रवेश लिया। इस अवसर पर सचिन निकम व स्वाती निकम ने सैकडो समर्थको के साथ राकांपा में प्रवेश



लिया। महानगरपालिका चुनाव के मद्देनजर राकांपा मजबुत हो रही है।




## पृष्ठ १ से जारी ....

### नागपुर व बांद्रा कोर्ट को ...

भी हो सकती है, लेकिन किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है।

**अकोला जिलाधिकारी कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी -** सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शहर के जिलाधिकारी कार्यालय को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी मिलते ही प्रशासन में खलबली मच गई और आननफानन में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है। धमकी की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सुरक्षा के लिहाज से बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाड को बुलाकर पूरे कार्यालय परिसर की गहन तलाशी ली गई। कार्यालय के हर कोने, पार्किंग क्षेत्र और महत्वपूर्ण फाइलों वाले कक्षों की बारीकी से जांच की जा रही है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह धमकी ईमेल या फोन के जरिए दी गई है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पृष्टि नहीं हो पाई है।

### महाराष्ट्र में सडक हादसों...

कारण टेम्पो का नियंत्रण खोना बताया गया है। तुरळ के पास एक चारपहिया वाहन पलटने से चालक सलीम सुलतान खान की मौत हो गई, जबकि उनका साथी सुखविंदर संधू हल्के जख्मी। वाहन रस्ते के किनारे बने गर्डर से टकराकर पलटा। वहीं वर्धा के आर्वी में तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार १४ वर्षीय बच्ची को टक्कर मारी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। बच्ची ट्यूशन जाते समय हादसे की शिकार हुई। कुल मिलाकर महाराष्ट्र में गुरुवार को हुए इन हादसों में ७ लोगों की मौत हुई। जख्मी लोगों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसों ने स्थानीय लोगों में भारी शोक और चिंता पैदा कर दी है।

### पीएसआय से लेकर एसपी...

पुलिस उपायुक्त का समावेश है। जबकि ८ पुलिस आयुक्त है। लगभग १३ पुलिस अधिक्षक के नामो की भी संभावना है। विशेष बात यह है कि लगभग २२ पुलिस उपायुक्त का कार्यकाल पूरा होने के बावजूद अब तक उनका तबादला नही हुआ है। इसके अलावा १० से १२ पुलिस महानिरीक्षको को पदोन्नती देकर उनका ट्रान्सफर किया जाने वाला है। विधानसभा चुनाव के दौरान तथा उससे पहले ६८ पुलिस उपायुक्त की बदली हुई थी। दुसरी ओर एक ही जिले में ३ वर्ष से अधिक का कार्यकाल हो चुके पुलिस उपनिरीक्षक से सहायक आयुक्तों के भी तबादले किया जायेंगे। पुलिस महासंचालक रश्मि शुक्ला आगामी ३१ दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रही है। उनके पश्चात सदानंद दाते पुलिस महासंचालक बनाये जायेंगे।

### अवैध उत्खनन के खिलाफ...

पंचायत का निर्वाचित लोकप्रतिनिधि इस अवैध कारोबार में संलिप्त पाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हडकंप मच गया है और अवैध उत्खनन के खिलाफ सख्त संदेश गया है। मामले की आगे की जांच जारी है तथा नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



**खबर, लेख, कविताएँ, मनोगत आदि के लिए संपर्क करें..**


| | |
|---|---|
| ईमेल आयडी | - amtdahad@gmail.com |
| मो. नंबर. | - ९०२१८२५८५० |
| जाहिरात के लिए संपर्क | - ९४२२६६६८२७, ७९७२४१६१०६ |
| शहर कार्यालय का पत्ता | - २०९, २१०, दुसरा माला, ड्रिम्ज लैंडमार्क, राजकमल-राजापेठ रोड, अमरावती. ४४४६०१ |


# धन्यवाद !

## पढ़ते रहिए आपका अपना अखबार

सांध्य दैनिक

# विदर्भ की दहाड

महानगर का अखबार हूँ... सच लिखता हूँ...

अमरावती

मा.श्री.प्रकाशजी जिवानी